राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 290

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

शनिवार 13 सितंबर 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो का विस्तार

पेज 4 गौशाला में लापरवाही का आलम: मृत बछड़े को कुत्तों ने नोचा

पेज 6 सचिन तेंदुलकर बनेंगे बीसीसीआई के नए अध्यक्ष, महान बल्लेबाज


## संक्षिप्त खबरें

### स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा

**मुंबई।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार को कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर Q400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। इसके बावजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। हालांकि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और खुद टर्मिनल तक पहुंचा। सभी 75 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और तकनीकी कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अजमेर के वायुसेना जवान की गोली लगने से मौत

**अजमेर।** अजमेर के वायुसेना जवान की गोली लगने से मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के हासीमारा एयरफोर्स स्टेशन पर पोस्टेड पुलकित (26) एयरमैन थे। उनका आज सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलकित के पिता ने बताया उन्हें 9 सितंबर की शाम को गोली लगी थी। फायरिंग के कारणों की जांच चल रही है। परिवार को 10 सितंबर को घटना की जानकारी मिली थी। पुलकित ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा रहे। वे 3 सितंबर को छुट्टी पर आए थे। उन्होंने बहनों के साथ 5 सितंबर को जयपुर में बर्थडे भी सेलिब्रेट किया था। इसके बाद ड्यूटी पर लौटे थे।

# कर्नाटक-गणेश विसर्जन जूलूस में ट्रक घुसा, 8 को कुचला, मौत : 20 घायल

### चश्मदीद बोले- ट्रक बेकाबू हुआ, पहिए के नीचे आ गए लोग



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया।

8 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया, ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था।

जूलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए।

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, मुझे गहरा दुख है कि गणपति जुलूस में शामिल लोगों पर एक ट्रक के चढ़ने से श्रद्धालुओं की जान चली गई। यह एक बहुत ही दुखद घटना है। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की।

### कंगना रनोट को सुप्रीम कोर्ट का राहत देने से इनकार

जालंधर। हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि केस रद्द करने की याचिका डाली थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कंगना की दलीलों को सुनने के बाद कहा कि आपके ट्वीट को केवल रिट्वीट नहीं कहा जा सकता। आपने उसमें मसाला जोड़ा है। इसका क्या मतलब है, इसकी एक्सप्लेनेशन ट्रायल कोर्ट ही करेगा।

### विरोधी प्रदर्शन



नेपाल के काठमांडू में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद बिखरा हुआ मलबा सहित क्षतिग्रस्त सड़क।

# नेपाल की पहली महिला पीएम बनीं सुशीला कार्की

### फिलहाल कोई मंत्री नहीं; राष्ट्रपति का ऐलान- 6 महीने में होंगे चुनाव



**काठमांडू।** सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है। राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, जेन-जी नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे।

सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है।

### बालेन शाह ने मृतक प्रदर्शनकारियों को श्रद्धांजलि दी

काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण के बाद जेन-जी के मृतक प्रदर्शनकारियों को उनके योगदान और बलिदान के लिए श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि जेन जी , आपके संघर्ष और बलिदान ने देश में बदलाव लाया है। शहीदों की बहादुरी को हमारा हार्दिक नमन।

### दिल्ली-बॉम्बे हाईकोर्ट में बम की धमकी झूठी निकली

नई दिल्ली। दिल्ली और बॉम्बे हाईकोर्ट को शुक्रवार को बम की धमकी मिली। पहले दिल्ली हाईकोर्ट को भेजे ईमेल में कोर्ट रूम में 3 बम रखे होने की जानकारी दी गई। इसमें दोपहर 2 बजे तक कोर्ट कैंपस खाली करने को कहा गया।

इसके बाद पुलिस ने कोर्ट को खाली कराया। बम स्क्वॉड ने तलाशी ली, लेकिन बम की धमकी झूठी निकली। इसी बीच बम की धमकी वाला मेल बॉम्बे हाईकोर्ट को मिला। इसके बाद कोर्ट खाली करा लिया गया। यहां जांच में कुछ नहीं मिला। दोनों जगह करीब 2 से घंटे तलाशी ली गई।

दिल्ली-मुंबई के अलावा बिहार में भी आज बम ब्लास्ट की धमकी दी गई। यहां 11 सितंबर को बम की धमकी का मेल भेजा गया था। इसमें कहा गया था कि शुक्रवार को पब्लिक प्लेसों पर पर बम ब्लॉस्ट किए जाएंगे।

### पश्चिम बंगाल : बीरभूम में बड़ा हादसा

# पत्थर की खदान धंसने से 5 मजदूरों की मौत; चार की हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** बंगाल के बीरभूम जिले के नलहाटी के बहादुरपुर में शुक्रवार दोपहर पत्थर खदान में भू-धंसान से पांच श्रमिकों की मौत हो गई। चार श्रमिकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खदान में पत्थर हटाने के दौरान यह घटना घटी। घटना के समय 12 श्रमिक खदान में काम कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रमिक दोपहर में खदान से पत्थर हटाने का काम कर रहे थे। अचानक भू-धंसान से खदान का एक हिस्सा ढह गया। श्रमिकों में अफरा-तफरी मच गई। उस समय खदान में 10-12 मजदूर काम कर रहे थे। नौ श्रमिक मलबे में दब गए।



खबर मिलने के बाद क्षेत्र के अन्य पत्थर खदान मजदूर घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य तुरंत शुरू हुआ। सभी श्रमिकों को इलाज के लिए रामपुरहाट मेडिकल कालेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। चार और मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है।

खबर मिलने के बाद नलहाटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पत्थर की खदान कैसे ढह गई। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि खदान से पत्थर नियमों के अनुसार निकाले जा रहे थे या नहीं। बताया जा रहा है कि मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण कई पत्थर खदानों में पानी जमा हो गया था। इलाके की मिट्टी भी नरम हो गई थी। भू-धंसान का यह भी एक कारण हो सकता है।



## हैप्पी मॉर्निंग

अपने दोस्त के साथ गांव का
एक भोला-भाला लड़का,
शहर में एक शादी के रिसेप्शन में
गया अंदर जाकर वो बहुत सारे
सलाद के आइटम देखकर
बोला- अभी
तो सब्जी भी नहीं बनी है,
कटी धरी
है भाई.....



## शायरी

पूरा शहर तो बाढ़ के पानी में
डूबा
लेकिन सरकार तो चुल्लू भर
पानी में डूब गई

# बढ़ते भ्रष्टाचार-मनी लॉन्ड्रिंग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों में बढ़ते भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। कोर्ट ने राजनीतिक दलों के कामकाज पर कड़े नियम बनाने को लेकर जवाब मांगा है।

एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर कर पार्टियों में बढ़ते भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता, अपराधीकरण और मनी लॉन्ड्रिंग पर कोर्ट से एक्शन लेने और नियम बनाने की मांग की थी।

याचिका में दावा किया गया कि हाल ही में एक ऐसा राजनीतिक दल पकड़ा गया जो 20 प्रतिशत कमीशन लेकर काला धन सफेद करता है। पार्टियां अपराधियों और तस्करों से पैसे लेकर उन्हें अलग- अलग पदों पर नियुक्त करती हैं। कई अलगाववादी भी पार्टी बनाकर चंदा ले रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉय माल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को जवाब देने के लिए 4 हफ्तों का समय दिया है।

दरअसल, 27 अगस्त को एडीआर की एक रिपोर्ट आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### पंजाब के आप विधायक को 4 साल कैद

**अमृतसर।** पंजाब में खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के विधायक मनजिंदर सिंह को तरनतारन की एडिशनल सेशन कोर्ट ने 4 साल की सजा सुनाई है। 10 सितंबर को अदालत ने 12 साल पहले युवती से मारपीट करने और छेड़छाड़ के आरोप में उन्हें दोषी ठहराया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। कोर्ट के ऑर्डर के अनुसार पीड़ित लड़की को मुआवजे भी देना होगा। 2 साल से ज्यादा की सजा होने की वजह से अब उनकी विधायकी पर तलवार लटक गई है। हालांकि लालपुरा के पास ऑप्शन है कि वह पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। सजा पर रोक लगी तो उनकी विधायकी बच सकती है। इस फैसले पर आप के वरिष्ठ नेता बलतेज पन्नू ने कहा- पार्टी की कार्रवाई से कोर्ट की कार्रवाई बड़ी है। कोर्ट ने जो सजा सुनाई है, वह सही ही होगी। कोर्ट के फैसले पर कोई भी सवाल-जवाब नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पूरे देश को साफ हवा का हक

### दिल्ली-एनसीआर ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिए; दिल्ली के लिए पॉलिसी नहीं बना सकते



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं?

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए।

साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास हैं। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है।

# अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर पहुंची

### खाने-पीने का सामान महंगा होने का असर, जुलाई में ये 1.61 प्रतिशत रही थी



नई दिल्ली। अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है।

रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने आज (12 सितंबर) जारी किए हैं।

रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4 प्रतिशत ±2 प्रतिशत की सीमा में रखने का है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।

इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 1.76 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 0.69 हो गई है।

अगस्त महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.18 प्रतिशत से बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 2.10 प्रतिशत से बढ़कर 2.47 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

### आरबीआई ने महंगाई का अनुमान घटाया

4 से 6 अगस्त तक हुई आरबीआई मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 3.7 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया था।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,904.70
+355.98 (0.44%)
निफ्टी:
25,114.00
+108.50

## मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 6 : 08
सूर्यास्त शनिवार : 6 : 33

# सिक्किम में लैंडस्लाइड, 4 लोगो की हुई मौत

### आगरा में 40 गांव डूबे; हिमाचल में बाढ़-बारिश से अब तक 380 की मौत

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** वेस्ट सिक्किम के यांगथांग के अपर रिंबी इलाके में शुक्रवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तेज धार नदी में फंसे लोगों का रेस्क्यू भी चल रहा है।

यूपी के आगरा में यमुना में बाढ़ है। यहां 25 कॉलोनियां और 40 गांव में 2-5 फीट तक बाढ़ का पानी भरा है। ताजमहल के पीछे बना पार्क पूरी तरह से डूब गया। 5 हजार से ज्यादा लोग रिलीफ कैंप में हैं।

हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक बारिश-बाढ़ के कारण 380 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं। सबसे ज्यादा 48 मौतें लैंडस्लाइड में गईं। बादल फटने से 17 की मौत हुई है। आज 3 नेशनल हाईवे समेत 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं।

उत्तर प्रदेश के कानपुर में गंगा के जलस्तर ने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है।

2011 के बाद गंगा बैराज पर जलस्तर 115 मीटर पहुंचा, जिससे गंगा बैराज पर खतरे के निशान पर पहुंच गई। इसके कारण 16 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

### खुलासा

### मास्टरमाइंड 12वीं पास, नकली नोट, क्रिप्टो और गेमिंग ऐप से करोड़ों ठगे

# एसटीएफ ने गाजियाबाद से 6 ठगों को गिरफ्तार किया

नोएडा। यूपी के गाजियाबाद में ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया। गैंग 10 लाख रुपए के बदले 15 लाख रुपए के नकली नोट देता था। नकली नोट के अलावा ऑनलाइन गेमिंग ऐप और क्रिप्टो करेंसी लेन-देन पर भी करोड़ों की ठगी कर चुका है।

पकड़े जाने के डर से गैंग मेंबर्स, हर हफ्ते अपने रहने की जगह बदल देते थे। पुलिस को इनके पास से 100 से अधिक बैंक अकाउंट मिले हैं। ये लोग 100 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर चुके हैं। गैंग का मास्टरमाइंड शुभम राज है। वो बिहार का रहने वाला है। 12वीं तक पढ़ा है। इस गैंग के पास से करीब 25.6 लाख रुपए कैश बरामद हुए। भारी मात्रा में कागज के नकली नोट और नोट गिनने की मशीन भी मिली।



यूपी एसटीएफ ने बताया कि 11 सितंबर की पूरी रात गाजियाबाद में अलग-अलग जगहों पर रेड डालकर गैंग के कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### गैंग के सदस्य ठगी के 3 तरीके अपनाते थे

पहला:- गेमिंग ऐप के जरिए बैंक खातों से पैसे कमाते थे।

दूसरा:- क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करते थे।

तीसरा:- 10 लाख या 20 लाख के 500-500 के असली नोट के बदले 15-25 लाख के छोटे नोट के नाम पर ठगी करते थे।

### खुद को आइटी कंपनी का इंजीनियर बनाकर किराए पर लिया कमरा

एसटीएफ से जुड़े सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि मुख्य आरोपी को गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार के गौड़ सिद्धार्थम अपार्टमेंट से पकड़ा गया। आरोपी किराये पर कमरा लेकर वहां रह रहा था। पिछले एक हफ्ते से ठगी का नेटवर्क चला रहा था। शुभम राज ने खुद को एक आईटी कंपनी का इंजीनियर बताकर किराए पर कमरा लिया था।

ठगों ने जिस ब्रोकर से कमरा लिया था, वही फर्जी डॉक्यूमेंट बनाता था। बड़ी डील के लिए किराए पर नए-नए कमरे दिलवाता था। इन कमरों के बाथरूम में कुछ बदलाव कराकर पैसों की ठगी के दौरान इस्तेमाल करते थे।

एसटीएफ ने बताया कि जब गैंग को नकली नोट देना होता था तो क्लाइंट को उसी कमरे में बुलाते थे। रुपए से भरे बैग को एक चादर में फैलाकर उसी पर पहले 200-100 रुपए के असली नोट मशीन से गिनते थे। इसके बाद उसे बाथरूम से बनाए सीक्रेट रास्ते से धीरे से नकली नोट में बदल देते थे।

# ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो का विस्तार

## एमएमटीएच से जुड़ेगी कनेक्टिविटी, 416 करोड़ की लागत, 2.6 किमी का एलिवेटेड ट्रैक बनेगा

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो की ग्रेटर नोएडा डिपो से लेकर बोड़ाकी तक प्रस्तावित योजना पर एनएमआरसी ने एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। डीपीआर के तहत परियोजना का डिटेल ड्राइंग डिजाइन तैयार कराई जाएगी। इसके लिए आरएफपी जारी की गई थी।

जल्द ही एजेंसी काचयन कर लिया जाएगा।

डिजाइन को आईआईटी जैसी संस्था से वैट कराया जाएगा। इसके अलावा स्वायल टेस्टिंग के लिए भी एक कंपनी हायर की जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद परियोजना का निर्माण शुरू करने के लिए कंपनी का चयन होगा। बता दें कि इस रुट को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) से हरी झंडी मिल चुकी है। इससे संबंधित पत्र भी एनएमआरसी को मिल गया।

ये एक्सटेंशन लाइन है, जिसे ग्रेटरनोएडा डिपो से बोड़ाकी तक बढ़ाया जाएगा। बोड़ाकी में एमएमटीएच बन रहा है। मेट्रो भी इसका एक हिस्सा होगी। इस विस्तार में दो मेट्रो स्टेशन होंगे।



एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। बोड़ाकी में एमएमटीच बन रहा है। यहां रेलवे टर्मिनल, बस स्टैंड आदि होंगे। इसलिए यहां से मुसाफिरों की संख्या काफी ज्यादा होगी। इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416.34 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। ये लाइन स्टैंडर्ड गेज (1435 एमएम) की होगी। इसे बनाने के लिए 3 साल की डेड लाइन तय की गई है।

### कैसे जुटाया जाएगा पैसा

मेट्रो के इस विस्तार पर करीब 416 करोड़ रुपए खर्च होने है। इसमें गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इक्विटी 20 प्रतिशत करीब 70.59 करोड़ होगी। उप्र प्रदेश सरकार 24 प्रतिशत यानी 91.08 करोड़ और करीब 60 प्रतिशत यानी 211.80 करोड़ डोमेस्टिक लोन और पीपीपी कंपोनेंट और लैंड कास्ट करीब 10.44 करोड़ की होगी। इस तरह ये योजना को पूरा किया जाएगा।

# नोएडा के सोरखा में प्राधिकरण टीम से धक्का-मुक्की

## अवैध निर्माण ध्वस्त करने पहुंची थी टीम, अवर अभियंता से बदलसलूकी, दर्ज हो रही एफआईआर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की टीम अवैध निर्माण को ध्वस्त करने को लेकर सख्त है। इस क्रम में शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम सोरखा जाहिदाबाद पहुंची। यहां खसरा नंबर 819, 834, 835 पर अवैध निर्माण किया जा रहा था।

प्राधिकरण ने यहां अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू किया। इस दौरान किसान संगठन के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्राधिकरण की टीम को हटाने का प्रयास किया। कागजी दस्तावेज दिखाए गए। जिसमें स्पष्ट है कि ये जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित और नियोजित जमीन है। प्राधिकरण पुलिस ने किसानों को समझाया और हटाने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच नोंक-झोंक हो गई।



धक्का मुक्की के बीच प्राधिकरण के अवर अभियंता के साथ वहां मौजूद लोगों ने बदसलूकी। आरोप मारपीट के भी है।

इस दौरान प्राधिकरण का बुलडोजर चलता रहा। काफी निर्माण ध्वस्त करने के बाद प्राधिकरण की टीम वापस आ गई। प्राधिकरण की ओर से संबंधित थाने में सरकारी कार्य में बाधा और मारपीट के आरोप में शिकायत दी गई है। एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। बता दे नोएडा प्राधिकरण पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अब करीब 2 लाख से ज्यादा वर्गमीटर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त करा चुकी है।

प्राधिकरण सीईओ ने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण नोएडा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ अपील की कि कोई भी प्लाट ये फ्लैट लेने से पहले एक बार प्राधिकरण से वेरिफाई करवा ले। वहीं इस मामले में किसान भी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से शिकायत की है।

# नोएडा के निठारी के पास कार में लगी आग

## शॉट सर्किट बताई गई वजह, 20 मिनट में दमकल ने पाया काबू

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-31 बिजली घर के सामने एक कार में आग लग गई। आग लगते ही मिनटों में ही पूरी कार जलकर राख हो गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी।

मौके पर दमकल की एक गाड़ी को भेजा गया। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। क्रेन की मदद से कार को सड़क किनारे किया गया। इस दौरान यातायात कुछ देर के लिए रोका गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग की वजह शॉट सर्किट हो सकती है। लोगों ने बताया कि पहले इंजन से धुआं निकला फिर तेजी से आग फैलने लगी।

चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान भी यातायात चलता रहा। दमकल की गाड़ी पहुंचने पर यातायात को रोका गया।

जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में कार जलकर राख हो गई। लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है।

### ग्रेटर नोएडा में बिजली आपूर्ति की समस्या



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में बिजली की गंभीर समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महासभा) ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। संगठन ने बिजली घर के जूनियर इंजीनियर पवन चौहान को अधिशासी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं। गांव उटरावली में हाईवोल्टेज लाइन जर्जर स्थिति में है। यह लाइन ग्रामीणों के घरों के ऊपर से गुजर रही है। मिर्जापुर रोड पर विभाग ने खंभे लगाकर ट्रांसफार्मर तो स्थापित कर दिया है। लेकिन अभी तक बिजली की लाइन नहीं खींची गई है। गांव तीरथली में कई ग्रामीणों को कनेक्शन होने के बावजूद बिजली की आपूर्ति नहीं मिल रही है। प्रदर्शन में गीता भाटी, सीमा भाटी, रानी, बिजेंदर कसाना, दीपक ठाकुर और किल्लू प्रधान सहित संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# हरियाणा हेल्थ टीम ने नोएडा में पकड़ा जेंडर जांच केंद्र

## टीम ने पांच लोगों को हिरासत में लिया, सेक्टर-37 में चल रहा था क्लिनिक

**नोएडा।** हरियाणा पानीपत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नोएडा में छापा मारकर जेंडर जांच करने वाले पांच लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें दो महिलाएं शामिल है। यहां स्थानीय थाने में शिकायत दी जा रही है।

डॉक्टर ललित कुंडू पीएनडीटी नोडल पानीपत ने बताया कि उनको काफी दिनों से जानकारी मिल रही थी कि नोएडा के सेक्टर-37 लाल मार्किट में डॉक्टर राजश्री जसूजा क्लिनिक पर भ्रूण लिंग की जांच की जा रही है। जानकारी को पुख्ता करने के लिए उनकी पूरी टीम ने प्लान बनाया। और एक ग्राहक बनाकर बातचीत शुरू की।



जांच के लिए 25 हजार रुपए तय किए गए। जिसमें 5 हजार रुपए ऑनलाइन जमा करवाए गए और बाकी कैश देने की बात की।

शुक्रवार को पानीपत से डॉक्टरों की टीम नोएडा पहुंची। पहले उन्होंने अपने द्वारा तैयार किए गए कस्टमर को अंदर भेज। पैसे दिए और जांच शुरू होते ही टीम अंदर पहुंच गई। जिसके बाद नोट को वेरिफाइ किया गया। ये वहीं नोट मिले जो पानीपत सीएमओ की ओर से वेरिफाइ किए गए थे। मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसकी जानकारी गौतमबुद्ध नगर सीएमओ को दे दी गई है। लोकल पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

# नोएडा में 25-29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

## पीएम मोदी उद्घाटन कर सकते हैं, 4 लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद

**नोएडा।** 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो होने जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ प्रधानमंत्री कर सकते है। जिसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनसे समय मांगा है।

इस दौरान पांच दिन सेंट्रल मिनिस्टर के अलावा वीवीआईपी, विदेशी डेलिगेशन की मूवमेंट होगी। इस कार्यक्रम में करीब 4 लाख लोग आने की उम्मीद है।

ये सभी नोएडा एक्सप्रेस वे के जरिए दिल्ली से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर आएंगे। इस लिए एक्सप्रेस वे काया कल्प होने जा रही ही है।

### थर्मो प्लास्टिक, म्यूरल की होगी सफाई

पूरे एक्सप्रेस वे के डिवाइडर, सेंट्रल वर्ज, एक्सप्रेस वे किनारे लगे म्यूरल को साफ-सुथरा, थर्मो प्लास्टिक पेंट किया जा रहा है। इसके अलावा सड़कों की मरम्मत करने का काम शुरू होने जा रहा है।

एक्सप्रेस वे को 20 सितंबर तक चकाचक किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों की डयूटी राउंड ओ क्लॉक लगाई जा रही है। साथ ही गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा के अन्य सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

### दो परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

25 सितंबर को ही नोएडा के भंगेल एलिवेटेड और जंगल ट्रेल पार्क का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। जिसमें जंगल ट्रेल एक्सप्रेस वे पर ही है।

इसका काम पूरा हो चुका है। अंतिम फिनिशिंग की जा रही है। इसी तरह अगाह पुर से सेक्टर-110 तक भंगेल एलिवेटेड का निर्माण पूरा हो चुका है। इसका शुभारंभ किया जाएगा।

हालांकि दोनों स्थानों पर सीएम जाएंगे या नहीं ये अभी तय नहीं हुआ है। फिलहाल सड़कों की मरम्मत का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

# मेडिकल छात्राओं की तस्वीरें चुराकर बनाई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी

### अश्लील टिप्पणियां कर परिचितों को भेजी, साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के एक मेडिकल कॉलेज की तीन छात्राएं साइबर उत्पीड़न का शिकार हुई हैं। एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी तस्वीरें चुराकर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई। इन आईडी से छात्राओं पर अश्लील टिप्पणियां की गईं।

आरोपी ने इतना ही नहीं किया। उसने यह आपत्तिजनक सामग्री छात्राओं के परिचितों को भी भेजी। छात्राओं को कुछ दिन पहले इस घटना की जानकारी मिली। तब से वे मानसिक तनाव में हैं।

पीड़ित छात्राएं दनकौर कस्बे में रहती हैं। उन्होंने गुरुवार रात को साइबर क्राइम शाखा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में होटल स्टॉफ के साथ युवकों ने की मारपीट

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-24 स्थित एक होटल में मारपीट का वीडियो सामने आया है। ये वीडियो एक मिनट का है। इसमें कुछ युवक एक होटल स्टॉफ के साथ मारपीट करते दिख रहे है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

पीड़ित अंकित चौधरी सेक्टर-52 में अंश नाम से एक होटल का संचालन कर रहा है। 10 सितंबर की रात करीब 11 बजे के आसपास होटल में एक व्यक्ति ने कमरा लिया। उसके बाद आठ लोग उसी कमरे में आ गए।

सभी लोग शराब पी रहे थे। शराब पीने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। सभी लोग नाराज हो गए और अभद्रता और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मोबाइल तोड़ दिया और वहां से भाग गए। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई।

### दो लोगों को हिरासत में लिया गया

पीड़ित ने मामले में विकास यादव, मोंटी यादव, विकल यादव, विकास यादव, सौरव यादव, राहुल यादव समेत दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने जांच करते हुए विकल यादव और मोनू को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बाकी आरोपियों की जल्द पकड़ा जाएगा। वहीं अंकित चौधरी का मेडिकल कराया गया। उसकी पहले से बेहतर है।

### नोएडा के सेक्टर-88 में मिला अज्ञात शव

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-88 स्थित सी-ब्लॉक ग्रीन बेल्ट में गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फेज-2 थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फील्ड यूनिट और थाना पुलिस की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने आवश्यक सबूत एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नोएडा के स्कूल में स्टूडेंट की मौत

## खाना खाने के बाद तबीयत बिगड़ी, परिजन बोले- समय से डॉक्टर के पास नहीं ले गए टीचर

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-31 स्थित प्रोसेडियम स्कूल में चार सितंबर को शिक्षक दिवस के कार्यक्रम के दौरान छठी क्लास की स्टूडेंट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने स्टूडेंट के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि शिक्षक दिवस के मौके पर स्टूडेंट तनिष्का शर्मा पहुंची थी। करीब दो बजे तनिष्का ने लंच किया।

### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

इसके बाद वहां से निकलकर नीचे आ रही थी। तभी उसकी तबीयत बिगड़ी और सीढ़ियों से गिर गई। स्कूल प्रबंधन ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी सुमित शुक्ला का कहना है कि डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस मामले में कोई शिकायत परिजनों की ओर से नहीं दी गई है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।



### गला बंद होने की बात कही

स्कूल की प्रिंसिपल मानवता शारदा ने बताया कि बच्ची का गला बंद हो गया था। उस तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी उसकी मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि हादसे के दौरान स्कूल के कर्मचारी कार्यक्रम में व्यस्त थे। छात्र-छात्राओं की देखभाल अच्छे से नहीं की जाती है। आरोप है कि समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिली।

घटना के बाद परिवार के लोगों को अलग-अलग जानकारी दी गई। किसी कहना था कि स्टूडेंट सीढ़ियों से गिरी तो किसी ने कहा कि खाना खाने के बाद तबीयत बिगड़ी। जिस जगह घटना हुई वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे।

## शार्ट न्यूज

### जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध कब्जे हटाए

**जेवर।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने शुक्रवार को गोपालगढ़ और मेहंदीपुर गांवों में बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई में करीब 4 लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। इस जमीन की बाजार कीमत लगभग 200 करोड़ रुपये है। कार्रवाई के दौरान किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर पूरी जमीन को अपने नियंत्रण में ले लिया है। यीडा के अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन उनकी अधिसूचित योजना के अंतर्गत आती है। यहां कोई भी निजी कब्जा या निर्माण अवैध है। प्राधिकरण ने कई बार नोटिस दिया। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटने पर यह कार्रवाई करनी पड़ी। जेवर एयरपोर्ट के कारण इस क्षेत्र में जमीनों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इसका फायदा उठाते हुए कुछ लोग अवैध निर्माण कर रहे थे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा है कि भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। स्कॉर्पियो की टक्कर से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बुलंदशहर के प्राणगढ़ गांव के रहने वाले जगदीश शर्मा नोएडा में एक कंपनी में काम करते थे। गुरुवार रात को वह कंपनी के काम से रबूपुरा क्षेत्र गए थे। वापस लौटते समय सर्विस रोड पर स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक समेत दूर जा गिरे। एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत घायल जगदीश को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, जगदीश ने हेलमेट पहन रखा था। लेकिन हादसे में हेलमेट भी टूट गया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। स्कॉर्पियो को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। परिजनों की शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा में जेसीबी संचालक पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक जेसीबी संचालक पर बदमाशों ने हमला किया। कनारसी गांव निवासी कृष्ण नागर के घर के बाहर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की। कृष्ण नागर घटना के समय मौके पर मौजूद थे। वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। हमलावरों ने वहां खड़ी जेसीबी मशीन पर गोलियां चलाईं। इस दौरान मशीन के शीशे टूट गए। पीड़ित कृष्ण नागर ने बताया कि हमलावर एक कार से आए थे। यह कार सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कार पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। कार में सवार लोगों की संख्या स्पष्ट नहीं हो पाई है। पीड़ित ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पीड़ित और उनका परिवार सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

### एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में शुक्रवार को यमुना प्राधिकरण में बैठक हुई। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) और नायल के अफसरों के बीच प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर चर्चा की गई। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य सितंबर तक पूरा किया जाना है। इस समय अवधि में अब सिर्फ 20 दिनों का समय बचा है। ऐसे में अब तक एयरपोर्ट का कितना काम हो पाया है, इसे लेकर यापल की सीओओ किरण जैन और नायल के सीईओ आरके सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया समेत अन्य अधिकारियों के बीच बैठक हुई। यहां यापल की ओर से अफसरों के सामने एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।बताया जाता है कि एयरपोर्ट पर रनवे व एटीसी का काम पूरा हो चुका है। फिलहाल टर्मिनल का काम जारी है। इसका काम भी 90 प्रतिशत से अधिक हो चुका है।

### स्कूटी की टक्कर से युवक का पैर टूटा

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कूटी ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का पैर टूट गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से हरदोई के रहने वाले उमेश ने पुलिस को बताया कि उसका भाई धर्मेश किसी काम से ग्रेटर नोएडा आया था। नॉलेज पार्क स्थित हनुमान मंदिर के समीप सोमवार की दोपहर पैदल जाते समय स्कूटी चालक ने धर्मेश को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे कासना स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।आरोप है कि दुर्घटना में घायल का पैर टूट गया। अब इस मामले में घायल के भाई ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस का कहना है कि चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में डेंगू के नौ नए रोगियों की पुष्टि

**नोएडा।** जिले में शुक्रवार को डेंगू के नौ रोगियों की पुष्टि हुई। इसी के साथ कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 241 हो गई। डेंगू के सबसे अधिक मामले इसी माह सामने आए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि किसी भी रोगी की हालत गंभीर नहीं है। इस सीजन में डेंगू पीड़ित किसी भी मरीजों की मृत्यु नहीं हुई है। डेंगू पीड़ित मरीजों के घरों के आसपास दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। बचाव के लिए मच्छरों से बचना जरूरी है।इसमें पूरी बाजू के कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल और पानी जमा न होने देना। उपचार में पर्याप्त तरल पदार्थ पीना, आराम करना और डॉक्टर की सलाह पर दवाओं का सेवन शामिल है।

### भूमि कब्जाने के मामले में 28 पर केस

**नोएडा।** शाहपुर गोवर्धनपुर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने के मामले में सेक्टर-126 थाने में 28 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। इस संबंध में प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से शिकायत दी गई थी। पुलिस को दी शिकायत में नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल नौ के अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने बताया कि शाहपुर गोवर्धनपुर खादर गांव में खसरा संख्या-504, 505, 504एम, 507एम, 508 और 532 प्राधिकरण की अर्जित जमीन है। इस जमीन पर लोगों चोरी छिपे लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं। अतिक्रमण करने का मामला सामने आने के बाद मुनादी कराकर आसपास के लोगों को चेतावनी भी दी जा चुकी है।नोटिस भी कई लोगों को भेजे गए पर अतिक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अगर प्राधिकरण की टीम इसे रोकती है तो उनके साथ अभद्रता की जाती है।

### पार्क में घूमने गई युवती के साथ छेड़खानी

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र स्थित स्टेलर ग्रीन पार्क में टहलने गई युवती के साथ युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ गाली-गलौज भी की। युवती ने मामले की शिकायत थाने में की। सदरपुर कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय युवती ने बताया कि मुकुल नाम का युवक कांशीराम कॉलोनी में रहता है। मुकुल युवती को बीते कई महीने से परेशान कर रहा है। वह युवती से कहता है कि वह सिर्फ उससे बात करे। अगर किसी अन्य युवक से बात की तो युवती और उसके परिवार को मार देगा। युवती जहां भी जाती है, युवक उसके पीछे-पीछे पहुंच जाता है।विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता है। युवती बीते मंगलवार को शाम सात बजे के करीब घर के नजदीक स्थित स्टेलर ग्रीन पार्क में टहलने गई थी। उसके साथ अन्य कोई नहीं था। आरोप है कि जब वह पार्क में टहल रही थी, तभी मुकुल आया और पीठ पर हाथ मारा। वह युवती का हाथ पकड़कर गलत नीयत से खींचने लगा।

# समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान में छात्रों से संवाद, दिए सुझाव

पीलीभीत। शताब्दी संकल्प 2047 के तहत चल रहे समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय और राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सभागार में छात्रों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रो. एम.के. सिंह (महात्मा ज्योतिबा फुले रोहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली), एस.एस. ढाका (सहायक निदेशक/सह प्राध्यापक, सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ), मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नोडल अधिकारी संजय कुमार सहित जिले के कई अधिकारी, कॉलेज प्राचार्य, शिक्षक व बड़ी संख्या में





छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### छात्राओं ने रखे सुरक्षा व शिक्षा संबंधी सुझाव

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किए। छात्राओं ने स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े सुझाव दिए। महिला महाविद्यालय की प्राचार्य ने मांग की कि पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ प्रोफेशनल कोर्स भी शुरू किए जाएं ताकि विद्यार्थी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि जिले में शिक्षा का स्तर और ऊंचा उठाने के साथ-साथ लघु उद्योग व औद्योगिकीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने पीलीभीत की कृषि प्रधान स्थिति को देखते हुए कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता बताई।

### मंडलायुक्त ने साझा किया विजन 2047

मंडलायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का है। इसके लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि तेजी से विकास की दिशा में कदम बढ़ाना समय की जरूरत है।

### जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत कभी सोने की चिड़िया कहलाता था।
विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य इसी समृद्धि को पुनः हासिल करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत बनाएं और कौशल सीखकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।
साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना जैसी योजनाओं की जानकारी देकर छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

### विशेषज्ञों ने रखे विचार

प्रो. एम.के. सिंह ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और पिछले वर्षों में हुई प्रगति से स्पष्ट है कि 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं एस.एस. ढाका ने छात्र-छात्राओं से क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव साझा करने की अपील की और प्रश्नोत्तर सत्र में संवाद किया।

### आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रों ने रखे सुझाव

राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रों ने विलुप्त हो रही जड़ी-बूटियों के संरक्षण, बीज बैंक की स्थापना, औषधियों की गुणवत्ता जांच के लिए प्रत्येक मंडल में प्रयोगशाला और अनुसंधान संसाधनों की उपलब्धता जैसे सुझाव दिए।

# गौशाला में लापरवाही का आलम: मृत बछड़े को कुत्तों ने नोचा

## देखभाल के अभाव में मवेशियों की हालत दयनीय, तहसीलदार ने दिए सुधार के निर्देश

**पीलीभीत।** जिले की गौशालाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर उजागर हो गई। शुक्रवार को सदर तहसील क्षेत्र के पंडरी गांव स्थित गौशाला में लापरवाही का ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों का गुस्सा भड़का दिया। गौशाला के निरीक्षण पर पहुंचे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष ठाकुर यशवंत सिंह ने बताया कि वहां न तो कोई केयर टेकर मौजूद था और न ही पशुओं की देखरेख की कोई पुख्ता व्यवस्था।
स्थिति इतनी खराब थी कि गौशाला में पड़े एक मृत बछड़े को कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे थे। यही नहीं, भूसा भी सड़ा-गला मिला और मवेशियों की हालत बेहद खराब दिखी। सूचना पर मौके पर पहुंची सदर तहसीलदार अर्चा गुप्ता को गौशाला में देखभाल का



रजिस्टर तक नहीं मिला। यहां तक कि गौशाला में कितने मवेशी हैं, इसका सही ब्यौरा भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका।
ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गौशाला में पशुओं के लिए न तो पर्याप्त चारा पहुंच रहा है और न ही उनके इलाज की कोई व्यवस्था की जाती है। तहसीलदार ने मौके पर ही पशुपालन विभाग को स्थिति सुधारने के निर्देश दिए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने कहा कि अगर जिले की गौशालाओं की स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि गौ-सेवा को लेकर सरकार की मंशा भले ही साफ हो, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही और अनदेखी का आलम है।

## राहुल और मंत्री दिनेश के बीच हॉट-टॉक

**रायबरेली।** रायबरेली में राहुल गांधी की गुरुवार को योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से हॉट-टॉक हुई थी। इसका वीडियो आज सामने आया। इसमें राहुल कह रहे कि आप चर्चा को बीच में नहीं रोक सकते। इस पर मंत्री ने कहा- आपके कहने से मैं नहीं मानूंगा। प्रोसीडिंग नियमानुसार होनी चाहिए। दरअसल, राहुल ने कल जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की थी। इसमें मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी शामिल हुए। बैठक में 42 पॉइंट पर चर्चा होनी थी। मगर कांग्रेस के नामित सदस्य जनता के कुछ मुद्दों पर चर्चा करने की बात कहने लगे। इसका दिनेश प्रताप ने विरोध किया था। इस बात पर दोनों के बीच हॉट-टॉक हो गई। इसी बीच, राहुल गांधी के लिए एक युवक चाय लेकर आया। इस पर मंत्री ने अपने लिए भी चाय मांगी। कहा- क्या बैठक में सिर्फ अध्यक्ष को ही चाय मिलेगी? जिस पर राहुल गांधी ने चुटकी लेते हुए कहा था- इन्हें तीन-चार कप चाय पिलाइए।

# मोहल्ला नेहरू नगर में चला विशेष साफ सफाई अभियान



**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरू नगर जोन वन के वार्ड नम्बर 3 में नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य नायक राजपूत जी की उपस्थिति में नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा मोहल्ले में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया जिसमें नगर पालिका के कर्मचारियों ने अपने अपने हाथों में झाडू थामकर नेहरू नगर वार्ड नम्बर 3 की विभिन्न गलियों में, सड़कों पर, नालियों में व खाली पड़े प्लाटों में साफ सफाई करते नजर आये व जगह जगह पड़े कूड़े कचरे को हाथ ठिलिया गाड़ी में भरते दिखाई दिये और खाली पड़े प्लाटों में पड़े कूड़े कचड़े की साफ सफाई करके खाली पड़े प्लाटों को साफ स्वच्छ किया गया और नालियों में पड़े कूड़े कचड़े की भी साफ सफाई की गई और नालियों में जमी सिल्ट को भी बाहर निकाला गया नेहरू नगर वार्ड नम्बर 3 के स्वास्थ्य नायक राजपूत जी ने मोहल्लेवासियों से अपील की है कि अपने घर से निकलने वाले कूड़े कचरे को जगह जगह सड़कों पर, नालियों में व खाली पड़े प्लाटों में न फेके अपने घर से निकले कूड़े कचरे को अपने डस्टबिन के डिब्बे में डालकर रख ले और जब नगर पालिका की कचड़ा गाड़ी आये तो उस डस्टबिन का कूड़ा कचरा उस गाड़ी में डाल दे जिससे अपने मोहल्ले की सड़के, नाली, खाली पड़े प्लाट व शहर साफ स्वच्छ बना रहे और संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके।

# पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार



**ललितपुर।** पूरा कलां चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/ वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकला पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 156/2025 धारा 303(2) बीएनएस के अभियोग में वांछित अभियुक्तगण- प्रदीप पुत्र सियाराम उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम उगरपुर थाना पूराकलां ललितपुर, अच्छेलाल उर्फ गब्बर पुत्र तुलसीराम अहिरवार उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम कंधारीकलां थाना पूराकलां ललितपुर, को ग्राम कंधारीकला से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी हुई 02 बैटरी बरामद की गयी। गिरफ्तार किये गये उपरोक्त अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# एसपी ने पुलिस लाइंस में ली परेड की सलामी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। एसपी द्वारा इसी दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल एवं शारीरिक अभ्यास का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण में अनुशासन, सामूहिक तालमेल, आदेशों के पालन एवं उत्साह की सराहना की गई तथा प्रशिक्षण की वर्तमान प्रगति, पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं प्रशिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही प्रशिक्षण विधियों की समीक्षा की। प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं जैसे



शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। एसपी द्वारा पुलिस लाइन में संचालित आर.टी.सी. के भोजनालय का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई को परखा गया एवं सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया।
डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण को दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया। परेड में शामिल पुलिस अधि0/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, सुनील कुमार व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर द्वारा दिनांक 11.09.2025 व 12.09.2025 को कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र विकास खण्ड-बिरधा में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित डा. दिनेश चन्द्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान, झाँसी ने दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की



प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण के उपरान्त स्वरोजगार हेतु सूक्ष्म इकाई स्थापना कर रोजगार कैसे प्राप्त करें इसकी जानकारी दी।
उन्होंने बताया सूक्ष्म इकाई स्थापना हेतु बैंक से ऋण पर विभाग द्वारा रू. 1.00 लाख का अनुदान दिया जायेगा। मुकेश चन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक, के.वी.के. ललितपुर प्रशिक्षण में उपस्थित रहें उन्होंने प्रशिक्षार्थी को इकाई स्थापना में खाद्य सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी। डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, प्रोफेसर नेहरू महाविद्यालय (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी।
डा. सरिता देवी ने खाद्य प्रसंस्करण के विज्ञान एवं उसके जीवन पर होने वाले लाभकारी प्रभाव की जानकारी दी। राजेन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, ललितपुर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना की जानकारी दी। कार्यवाहक प्रभारी श्री पुरूषोत्तम नारायण ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी संरक्षित करने की विधि एवं बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम उपरान्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वित्तरित किया गया।

## दोस्तों ने पत्थर से कूचकर छात्र की हत्या की

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में दो दोस्तों ने पत्थर से कूचकर छात्र की हत्या कर दी। उसका शव घर से 1 किमी दूर बाग में खून से लथपथ मिला। शव के आसपास खून के छींटे बिखरे हुए थे। बाग में मवेशी चरा रहे लोगों ने शव देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। हत्या से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम दी। कार्रवाई को लेकर हंगामा करने लगे। पुलिस के आश्वासन के बाद लोग किसी तरह माने। घटना खेसरहा थाना क्षेत्र के छोटा बेलउख गांव की है।

## बाराबंकी में विवाहिता की गला दबाकर हत्या

बाराबंकी। बाराबंकी के कस्बा बड़ेल में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह मृतका गुलशन जहां (28) का शव उसके किराए के कमरे में मिला। गले में दुपट्टा कसा होने से हत्या की आशंका है। मकान मालिक और आसपास के लोगों ने सुबह कमरे का दरवाजा खुला देखा। कमरे में रहने वाला एक युवक, जिसका नाम वर्मा बताया जा रहा है, मौके से फरार है। पुलिस ने मकान मालिक और एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गुलशन का विवाह 2017 में अमेठी के गोसाईगंज में हुआ था। उसका पति गुजरात में काम करता है।

# विद्यार्थियों ने किया जल उपचार संयंत्र का अवलोकन



**ललितपुर।** नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी क्रम में जिला गंगा समिति द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कडेसरा कलां के छात्र-छात्राओं को कडेसरा कलां में स्थित जल जीवन मिशन के जल उपचार संयंत्र का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के जरिये छात्रों ने स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की पूरी प्रक्रिया देखी। अवर अभियंता प्रमोद धानुक ने बच्चों को पानी को शुद्ध करने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नदियों या झीलों से आने वाला गंदा पानी कैसे विभिन्न चरणों - जैसे स्क्रीनिंग, सैडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन और क्लोरीनीकरण से गुजरकर हमारे घरों तक पीने योग्य पानी बनकर पहुँचता है। इस अवसर पर डीएफओ गौतम सिंह ने कहा कि फील्ड विजिट से बच्चों ने न केवल तकनीकी प्रक्रिया को समझा, बल्कि यह भी जाना कि पानी की बर्बादी क्यों नहीं करनी चाहिए द्य परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से हटकर व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। भ्रमण के अंत में, संयंत्र के अधिकारियों ने बच्चों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया, जहाँ उन्होंने जल संरक्षण के तरीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रभु दयाल यादव, वन दरोगा पवन कुमार, वन रक्षक रंजना बाजपेयी, प्रधान अध्यापिका शैला नन्दन, सहायक अध्यापक मदन मोहन सिंह, आकृति पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## अंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाज़ीपुर।** बरेसर थाना क्षेत्र के बिरसिंगपुर गांव में शुक्रवार सुबह अज्ञात लोगों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिमाओं को जानबूझकर निशाना बनाया गया है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। मूर्तियां खंडित होने की खबर मिलते ही भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गौतम भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांव की ओर रवाना हुए। उन्होंने कहा कि यह कृत्य समाज को भड़काने की साजिश है और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे गांव में तनाव का माहौल है। लोग आक्रोशित होकर न्याय की मांग कर रहे हैं। मामले में बरेसर थाना प्रभारी राजीव कुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हो गई है और हालात पर नज़र रखी जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी

## प्रेमिका के घर दुपट्टे से लटका मिला प्रेमी

**कासगंज।** कासगंज में प्रेमी का शव प्रेमिका के घर दुपट्टे से लटकता मिला। लड़की के घर वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया। लड़के की मां ने लड़की के घर वालों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। लड़के-लड़की के घर के बीच की दूरी 200 मीटर है। लड़के की मां ने पुलिस को बताया- लड़की ने आज सुबह मेरे बेटे को फोन किया। उसे अपने घर मिलने बुलाया। तभी मेरा बेटा इसके घर आया था। यहां इन लोगों ने बेटे को मारकर फंदे से लटका दिया। इसके बाद घर में ताला लगाकर फरार हो गए। घटना ढोलना कोतवाली क्षेत्र के रहमतपुर माफी गांव की है। कासगंज के रहमतपुर माफी गांव में रमेश का परिवार रहता है। उनके दो बेटे लोकेंद्र (24) कुंवर प्रकाश (22) थे। 4 बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। रमेश सब्जी बेचने का काम करते हैं। बड़ा बेटा लोकेंद्र शादी विवाह में स्टेज सजाने का काम करता था। लोकेंद्र का शव शुक्रवार दोपहर घर से 200 मीटर दूर गांव के ही एक घर में लटकता मिला। जिस घर में लोकेंद्र की लाश मिली, वह उसकी प्रेमिका का बताया जा रहा है। बेटे की लाश मिलने की खबर लगते ही लोकेंद्र की मां मौके पर दौड़ते हुए पहुंचीं।

## पूर्व मंत्री समेत 13 कांग्रेसियों को दो साल की सजा

**झांसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य समेत 13 कांग्रेसियों को दो साल की सजा हुई है। झांसी में एमपी/एमएलए कोर्ट ने 12 साल पुराने केस में शुक्रवार की शाम फैसला सुनाया। सभी पर जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद प्रदीप जैन भावुक हो गए और कोर्ट के बाहर ही फफक-फफक कर रो पड़े। पूर्व मंत्री ने कहा, मुझे अपनी सजा का दुख नहीं है। लेकिन मेरे साथ जो बाकी लोगों को सजा दी गई है, वह हमारे लिए सबसे बड़ा दुख है। उन्होंने कहा, हम बुंदेली जमीन के लिए हमेशा मरते दम तक लड़ते रहेंगे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए बार-बार भावुक हो रहे थे। आंखों में आंसू थे। आवाज में कंपकपाहट थी। सहायक अभियोजन अधिकारी रवि जायसवाल ने बताया, पूर्व मंत्री प्रदीप जैन व उनके समर्थकों को 504 व 188 में बरी किया गया है। बाकी 6 धाराओं में उन्हें सजा हुई है। उन्होंने बताया, साल 2013 में प्रदेश में सपा की सरकार थी और प्रदीप जैन केंद्र की कांग्रेस सरकार में राज्यमंत्री थे। उन्होंने पारीछा गांव में एक सम्मेलन की अनुमति ली थी। सम्मेलन खत्म होने के बाद बिजली कटौती रोकने की मांग को लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया और झांसी-कानपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम करीब 6 घंटे तक चला, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी थी।

## फर्रुखाबाद में दामाद ने ससुर को मारी गोली

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के कंपिल थाना क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। दूदेमई गांव में एक व्यक्ति ने अपने ससुर को गोली मार दी। घटना शुक्रवार दोपहर की है। रक्षपाल अन्य ग्रामीणों के साथ बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका दामाद वहां पहुंचा और उन पर गोली चला दी। गोली रक्षपाल के कान के पास लगी। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल के भाई मायाराम के अनुसार, दामाद ने पहले उन पर गोली चलाई। जब वह बच गए तो उसने रक्षपाल पर फायर कर दिया। यह हमला बेटी से संबंधित एक चल रहे मुकदमे के कारण किया गया। दामाद पहले से अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था, जिसको लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। आरोपी ने 3 वर्ष पूर्व घायल की बेटी के साथ कोर्ट मैरिज की थी। कुछ समय बाद से ही आरोपी अपनी पत्नी को परेशान करने लगा था। आए दिन उसकी मारपीट करता था। होली के त्योहार पर घायल अपनी बेटी को घर बुला लाया था। इसके बाद से आरोपी की पत्नी मायके में ही रह रही थी। वहीं कोर्ट में कैसे भी चल रहा था। कपिल थाना अध्यक्ष कपिल चौधरी ने बताया घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया था।

## इटावा में पिटाई से मजदूर की मौत

**इटावा।** इटावा में नेशनल हाईवे-91 पर शुक्रवार शाम काशीराम कालोनी (नगला गुदे मोड़) के पास हंगामा खड़ा हो गया। मृतक गौरव के परिजनों ने शव वाहन रोक लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर खड़े हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया और अपनी मौजूदगी में दाह संस्कार कराया। बीती गुरुवार रात नगला गुदे स्थित काशीराम कॉलोनी में पिता रघुवर दयाल और पुत्र गौरव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। तभी पड़ोसी राजा गोस्वामी उर्फ सुमित बीच-बचाव के लिए पहुंचा, लेकिन उसने गौरव के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान गौरव की हालत बिगड़ गई और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने राजा गोस्वामी उर्फ सुमित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। शुक्रवार को जब गौरव का शव एंबुलेंस से गांव पहुंचा तो परिजनों ने हाईवे पर शव वाहन रोक लिया। मृतक की बहनें वीनू और अंगूरी समेत अन्य परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। मौके पर थाना प्रभारी विक्रम सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम अरिमर्दन सिंह सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया।

## चकेरी थाने में युवक ने ब्लेड से काटी गर्दन

**कानपुर।** रावतपुर थाने के वाशरूम में युवक के सुसाइड करने के मामले को अभी 24 घंटे ही बीते थे, कि चकेरी थाने के कैंपस में एक और युवक ने पुलिस हिरासत में ब्लेड से अपनी गर्दन रेत ली। खून से लथपथ युवक को पुलिस आननफ़ानन में कांशीराम अस्पताल लेकर पहुंची, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। महाराजपुर में युवक को चोर समझ कर उसकी पिटाई करने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस युवक से पूछताछ करने के बाद संदिग्धों की पहचान कराने के लिए वाहन से ले जा रही थी, तभी चकेरी थाने के कैंपस में युवक ने अपनी गर्दन पर ब्लेड मार लिया। महाराजपुर कार्यवाहक थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया गुरुवार को महाराजपुर के फत्तेपुरवा मोड़ के पास ग्रामीणों ने एक युवक को चोर समझकर पीट दिया था। जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कृष्णा (23) बताया था। साथ ही युवक ने पुलिस को तीन से चार संदिग्धों के नाम भी बताए थे, जिस पर महाराजपुर थाने के दरोगा शैलेंद्र कुमार फोर्स के साथ कृष्णा को लेकर चकेरी थाने गए। वहां रजिस्टर में संदिग्धों के बारे में जानकारी करने लगे। तभी युवक ने ब्लेड गर्दन अपनी गर्दन रेत ली। कृष्णा को खून से लथपथ देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए।

# पृथ्वी अकेली नहीं, मंगल ग्रह पर भी था जीवन? नासा के रोवर की खोज से हिले वैज्ञानिक

**लंदन एजेंसी।** लाल ग्रह मंगल पर जीवन की खोज लंबे समय से वैज्ञानिकों का सपना रही है। अब, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने एक ऐसी खोज की है जो इस सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है। रोवर द्वारा एकत्रित एक चट्टान के नमूने में प्राचीन सूक्ष्मजीवों के संभावित जीवाश्म या जैविक संकेत मिले हैं, जो मंगल पर अरबों वर्ष पुराने जीवन की ओर इशारा करते हैं। अगर ये खोज सही साबित हो जाती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि पृथ्वी अकेली नहीं है जहां जीवन है। हालांकि, वैज्ञानिक स्पष्ट करते हैं कि यह अभी पुष्टि नहीं हुई है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'पर्सिवरेंस' द्वारा वहां एकत्र किए गए नमूनों का पृथ्वी की प्रयोगशालाओं में गहन विश्लेषण जरूरी है। नासा के वैज्ञानिकों ने बुधवार को इस खोज की घोषणा की, जो पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक शोध पत्र पर आधारित है। यह खोज मंगल के जीवन की तलाश में अब तक की सबसे मजबूत संभावना मानी जा रही है। नासा की साइंस मिशन डायरेक्टोरेट की एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर निक्की फॉक्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह हमारे अविश्वसनीय पर्सिवरेंस रोवर की खोज है, जो मंगल पर प्राचीन जीवन की खोज के सबसे करीब पहुंच गई है। वर्ष 2021 से मंगल ग्रह पर घूम रहा यह रोवर सीधे तौर पर जीवन का पता नहीं लगा सकता। इसके बजाय, यह चट्टानों



और नलियों में छेद करने के लिए एक ड्रिल लेकर चलता है ताकि अरबों साल पहले जीवन के लिए सबसे उपयुक्त माने गए स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों को रखा जा सके। नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाने की प्रतीक्षा है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो नासा द्वारा सस्ते, त्वरित विकल्पों की तलाश के कारण रोक दी गई है। दो वैज्ञानिकों एसईटीआई संस्थान के जेनिस बिशप और मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के मारियो पेरेंटे ने इसे एक रोमांचक खोज बताते हुए कहा कि इसके लिए गैर-जैविक प्रक्रियाएं जिम्मेदार हो सकती हैं। स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता जोएल ह्यूरोविट्ज़ ने कहा, यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि यह जीवन का सकारात्मक प्रमाण है।

**चेयावा फॉल्स चट्टान और उसके रहस्यमयी धब्बे :** यह खोज तब हुई, जब पर्सिवरेंस रोवर मंगल के जेरो क्रेटर में एक प्राचीन सूखी नदी घाटी का पता लगा रहा था। क्रेटर मंगल ग्रह के उत्तरी गोलार्ध में स्थित है, यह कभी एक विशाल झील था जहां नदियां बहती थीं। रोवर ने यहां एक लाल रंग की चट्टान को पाया, जिसका नाम चेयावा फॉल्स रखा गया। इस चट्टान पर अनियमित तेंदुए के धब्बे और छोटे-छोटे पॉपी सीड्स जैसे निशान दिखाई दिए, जो मिलीमीटर आकार के हैं। परिणाम चौंकाने वाले थे- चट्टान में कार्बनिक कार्बन (जीवन का मूलभूत ब्लॉक), आयरन फॉस्फेट और आयरन सल्फाइड से भरपूर खनिज पाए गए। पृथ्वी पर, ये रासायनिक यौगिक तब बनते हैं जब सूक्ष्मजीव जैविक पदार्थों को तोड़ते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये धब्बे प्राचीन माइक्रोबियल गतिविधियों के उप-उत्पाद हो सकते हैं, जो अरबों वर्ष पहले मंगल के गर्म और नम वातावरण में फले-फूले होंगे। जब हम पृथ्वी पर ऐसी विशेषताओं को देखते हैं, तो ये अक्सर सूक्ष्मजीवों के चयापचय का परिणाम होते हैं जो जैविक पदार्थों का सेवन करते हैं। यह चट्टान मंगल पर जीवन की संभावना के लिए सबसे आकर्षक उम्मीदवार है।

**मंगल की सतह पर जीवन की तलाश :** पर्सिवरेंस रोवर फरवरी 2021 में जेरो क्रेटर में उतरा था। इसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन जीवन के संकेत ढूंढना और नमूने इकट्ठा करना है। रोवर ने अब तक 30 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं, जो टाइटेनियम ट्यूबों में बंद हैं। ये नमूने पृथ्वी पर लौटाए जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन नासा का सैंपल रिटर्न मिशन अभी अनिश्चित है। वाइट हाउस के बजट कटौती प्रस्ताव के कारण, एजेंसी सस्ते और तेज विकल्प तलाश रही है। रोवर ने जेरो क्रेटर की खोज में ब्राइट एंजेल नामक संरचना का अध्ययन किया, जो नेरेटवा वैली की एक प्राचीन नदी घाटी है। यहां पानी की मौजूदगी के प्रमाण मिले, जो जीवन के लिए आदर्श वातावरण दर्शाते हैं। रोवर के उपकरणों ने मौसम की जानकारी भी एकत्र की है, जो भविष्य के मानव मिशनों के लिए उपयोगी होगी।

# ट्रंप की गलतियों से 20 साल पीछे जा सकते हैं भारत-अमेरिका के रिश्ते, यूएस सांसदों की चेतावनी



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीतियों और कूटनीतिक गलतियों ने भारत और अमेरिका के बीच 25 साल की मेहनत से बने रिश्तों को खतरे में डाल दिया है। एक प्रमुख डेमोक्रेट सांसद और कई पूर्व अमेरिकी राजनयिकों ने चेतावनी दी है कि अगर ये हालात नहीं सुधरे, तो दोनों देशों के बीच की साझेदारी को गहरा नुकसान हो सकता है। इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक आपातकालीन कॉन्फ्रेंस कॉल बुलाई गई, जिसमें भारत-अमेरिका रिश्तों की अहमियत को बचाने की आवाज उठी। कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष सांसद रो खन्ना ने इसका आयोजन किया। इसमें पूर्व अमेरिकी राजदूत रिच वर्मा और एरिक गार्सेटी के साथ-साथ उद्योगपति विनोद खोसला और भारतीय मूल के टेक लीडर्स शामिल हुए। यह कॉल इस बात का सबूत है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय में इस रिश्ते को लेकर कितनी बेचैनी है।

**रिश्ते को बचाने के लिए अलार्म बजाना जरूरी :** रो खन्ना ने साफ कहा, मैं ये कॉल तब तक न बुलाता, जब तक बात गंभीर न होती। हमें इस रिश्ते को बचाने के लिए अलार्म बजाना जरूरी है। खन्ना ने पहले भी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो में भारत-अमेरिका रिश्तों में आ रही गिरावट पर चिंता जताई थी। उनकी इस पहल से साफ है कि वो इस मुद्दे को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं। इस कॉल में शामिल पूर्व राजदूतों ने भी हालात की गंभीरता को रेखांकित किया। रिच वर्मा ने कहा कि पिछले दो महीनों में ट्रंप की नीतियों ने 25 साल की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया।

**बिल क्लिंटन की भारत यात्रा का जिक्र :** उन्होंने 2000 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा का जिक्र किया, जब अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान नीति को अलग-अलग करने का फैसला किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बालेंद्र शाह ने बताया क्यों दुकराया नेपाल के पीएम का पद



**काठमांडु, एजेंसी।** नेपाल में जेन-जेड प्रदर्शन के बाद अब सुशील कार्की को अंतरिम पीएम बनाया जाएगा। इसके बाद काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह का फेसबुक पोस्ट सामने आया है। उन्होंने अपने ट्वीट में ये भी बताया है कि क्यों उन्होंने पीएम पद लेने के लिए हामी नहीं भरी थी। बालेंद्र शाह ने पोस्ट में लिखा, प्रिय जेन-जी और सभी नेपालियों से मेरा अनुरोध है कि देश इस समय अभूतपूर्व स्थिति से गुजर रहा है। आप अब एक सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कृपया इस समय घबराएं नहीं; धैर्य रखें। अब देश को एक अंतरिम सरकार मिलने वाली है, जो देश में नए चुनाव कराएगी। इस अंतरिम सरकार का काम चुनाव कराना और देश को एक नया जनादेश देना है। शाह ने आगे लिखा, मैं पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ) को इस अंतरिम/चुनावी सरकार का नेतृत्व सौंपने के आपके प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन करता हूं। मैं आपकी समझ, बुद्धिमत्ता और एकता का तहे दिल से सम्मान करता हूं। इससे पता चलता है कि आप कितने परिपक्व हैं। मैं अपने उन दोस्तों से, जो इस समय नेतृत्व संभालने की जल्दी में हैं, यही कहना चाहता हूं कि देश को आपके जुनून, आपकी सोच और आपकी ईमानदारी की स्थायी रूप से जरूरत है, अस्थायी रूप से नहीं। इसके लिए चुनाव होंगे। कृपया जल्दबाजी न करें। माननीय राष्ट्रपति जी, जेन-जी की ओर से लाई गई ऐतिहासिक क्रांति की रक्षा के लिए, एक अंतरिम सरकार का गठन किया जाना चाहिए और संसद को अविलंब भंग किया जाना चाहिए। बालेंद्र शाह ने परोक्ष रूप से फेसबुक पोस्ट में बता दिया है कि क्यों उन्होंने पीएम पद को स्वीकार नहीं किया। दरअसल सुशील कार्की नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बनी हैं। इस सरकार का काम होगा जल्द से जल्द चुनाव कराना और तब तक देश में शांति व्यवस्था बनाए रखना। बालेंद्र शाह चाहते हैं कि वह चुनाव जीतकर सत्ता पर काबिज हो, इससे जनता में उनकी पकड़ मजबूत बनी रहेगी।

### इस्राइल बोला- यरूशलम हमले के आरोपियों के घर ढहाए जाएंगे

**यरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल ने यरूशलम में बस स्टॉप पर हुए हमले के मामले में कड़ा कदम उठाया है। सरकार ने हमले के दोनों आरोपियों, उनके रिश्तेदारों तथा कस्बे के रहने वाले अन्य लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। यही नहीं, हमलावरों के रिश्तेदारों व उनके गांवों के सैकड़ों लोगों का वर्क परमिट भी रद्द किया जाएगा। यरूशलम के बस स्टॉप पर सोमवार को बंदूकधारियों के हमले में छह लोग मारे गए थे, जबकि कई घायल हुए थे। दोनों बंदूकधारी मौके पर ही मारे गए थे। दोनों हमलावर इस्राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कतन्ना और कुबेइबा कस्बों के रहने वाले थे। रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने हमलावरों के परिवार के सदस्यों और दोनों कस्बों के बाशिंदों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। दोनों कस्बों में बिना परमिट के बने हर ढांचे को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अदालत ने फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को राहत देते हुए उन्हें फिलहाल फेड गवर्नर पद पर बने रहने का निर्देश दिया है। लिसा कुक को ट्रंप ने बर्खास्त कर दिया था। एक संघीय अदालत ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। यह फैसला पारंपरिक रूप से स्वतंत्र रहने वाले फेडरल रिजर्व पर नियंत्रण स्थापित करने के ट्रंप प्रशासन के प्रयासों के लिए बड़ा झटका है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व, कीमतों को स्थिर रखने और रोजगार के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अल्पकालिक ब्याज दरें निर्धारित करता है। ट्रंप ने 25 अगस्त को कुक को बर्खास्त कर दिया था। दरअसल कुक पर आरोप लगा कि उन्होंने साल 2021 में खरीदी गई दों संपत्तियों के संबंध में धोखाधड़ी की थी। हालांकि उस वक्त लिसा कुक फेडरल रिजर्व गवर्नर नहीं थीं। कुक ने इस फैसले के खिलाफ अदालत में अपील की। अदालत में कुक के वकीलों ने तर्क दिया कि कुक को बर्खास्त करना गैरकानूनी था क्योंकि राष्ट्रपति फेड गवर्नरों को केवल किसी ठोस वजह से ही बर्खास्त कर सकते हैं। इन वजहों में पद पर रहते हुए अक्षमता, कर्तव्य की उपेक्षा या दुराचार जैसे आरोप शामिल हैं। लिसा कुक ने अदालत में कहा कि बर्खास्त किए जाने से पहले उन्हें सुनवाई और आरोपों का जवाब देने का मौका मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

# मेक्सिको में गैस टैंकर में जोरदार धमाका, तीन की मौत और 70 घायल; 18 वाहन सड़क पर खाक



**मेक्सिको , एजेंसी।** मेक्सिको सिटी से एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां पर एक प्रमुख राजमार्ग पर एक गैस टैंकर में अचानक ब्लास्ट हो गया। इस धमाके के कारण लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इस घटना में 70 से अधिक घायल हुए हैं। मेक्सिको सिटी की मेयर ने इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। 18 वाहन जलकर हुए खाक बता दें कि मेक्सिको सिटी की मेयर क्लारा ब्रुगाडा ने इस घटना को इमरजेंसी के तौर पर बताया। उन्होंने बताया कि टैंकर में हुए विस्फोट के कारण आसपास मौजूद 18 वाहन जल गए। वहीं, इस हादसे में गंभीर रूप से घायल 19 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सिटी मेयर का कहना है कि इस मामले की जांच अधिकारियों को सौंप दी गई है। हालांकि, शुरुआती स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि हाईवे पर ट्रक के पलटने के बाद विस्फोट हुआ।

# काश पटेल ने ट्रंप के आगे घुटने टेक दिए, तीन बर्खास्त एफबीआई अधिकारियों ने दायर किया मुकदमा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को एक मुकदमा दायर करते हुए एफबीआई निदेशक काश पटेल और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी पर आरोप लगाया कि उन्हें पिछले महीने गलत राजनीतिक कारणों से बर्खास्त किया गया। मुकदमे में दावा किया गया है कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के प्रतिशोध अभियान का हिस्सा थी, जिसमें ट्रंप के प्रति पर्याप्त राजनीतिक वफादारी न दिखाने वाले अधिकारियों को निशाना बनाया गया। मुकदमा दायर करने वालों में ब्रायन ड्रिस्कॉल, स्टीव जेनसन और स्पेंसर इवांस शामिल हैं। ये तीनों उन पांच अधिकारियों में से हैं जिन्हें पिछले महीने सेवा से हटाया गया। शिकायत में कहा गया है कि एफबीआई निदेशक काश पटेल



ने खुद स्वीकार किया था कि एजेंटों को उनके द्वारा की गई जांच के आधार पर हटाना संभवतः अवैध है, लेकिन ट्रंप प्रशासन और न्याय विभाग का दबाव इतना अधिक था कि वे रोक नहीं सके। पटेल ने कथित तौर पर ड्रिस्कॉल से कहा था, एफबीआई ने राष्ट्रपति को जेल भेजने की कोशिश की थी और वह इसे भूले नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पटेल ने शपथ लेने के तहत वादा किया था कि सभी एफबीआई कर्मचारियों को राजनीतिक प्रतिशोध से बचाया जाएगा, लेकिन वास्तविकता में उन्होंने ट्रंप प्रशासन के दबाव में झुकते हुए संविधान और संघीय कानूनों का उल्लंघन किया। ड्रिस्कॉल ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में एक महीने के लिए कार्यवाहक निदेशक रहे। उनको कथित तौर पर एक सैनिक और सम्मानित एजेंट को बर्खास्त करने से इनकार करने के लिए निशाना बनाया गया। जेन्सन को काश पटेल ने ही वाशिंगटन फील्ड कार्यालय का प्रमुख नियुक्त किया था, लेकिन जनवरी 6 हमले से जुड़े मामलों में उनकी भूमिका के कारण उन्हें ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। मुकदमे में कहा गया है कि पूर्व एजेंट डैन बोंगिनो और अन्य ट्रंप समर्थकों ने सोशल मीडिया पर जेन्सन के खिलाफ अभियान चलाया, जिसके बाद पटेल ने उन्हें कार्य प्राथमिकताओं में देरी का बहाना बनाकर बर्खास्त कर दिया। इवांस को कोविड-19 महामारी के दौरान एफबीआई के मानव संसाधन विभाग में वैक्सीन छूट अनुरोधों की समीक्षा करने के लिए निशाना बनाया गया, जहां एक पूर्व एजेंट ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ शिकायतें कीं और पटेल तक पहुंच बनाए रखी। मुकदमे में ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, जैसे स्टेफन मिलर (मुख्य घरेलू नीति सलाहकार) और पूर्व कार्यवाहक उप-महान्यायवादी एमिल बोवे का भी जिक्र है, जिन्होंने कथित तौर पर ट्रंप-विरोधी जांचों में शामिल एजेंटों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। वकीलों का कहना है कि इस बर्खास्तगी ने न केवल अधिकारियों के करियर पर चोट पहुंचाई है, बल्कि उनके भविष्य के रोजगार के अवसर भी सीमित कर दिए हैं।

# गुनहगारों को नहीं छोड़ेंगे, चार्ली किर्क की हत्या पर ट्रंप का फूटा गुस्सा; किसे ठहराया हमले का जिम्मेदार ?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने यूटा वैली विश्वविद्यालय में अपने सहयोगी चार्ली किर्क की हत्या पर गहरा दुख और गुस्सा जताया। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि उनका प्रशासन इस अत्याचार और अन्य प्रकार की राजनीति में शामिल हर एक शख्स को न्याय के कठघरे में पहुंचाएगा। चार्ली किर्क की हत्या पर क्या बोले अमेरिकी राष्ट्रपति अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर एक वीडियो पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि सालों से, कट्टरपंथी वामपंथी चार्ली जैसे अद्भुत अमेरिकियों की तुलना नाज़ियों और दुनिया के सबसे बुरे सामूहिक हत्यारों और




अपराधियों से करते रहे हैं। इस वीडियो संदेश में उन्होंने किर्क की हत्या को जघन्य और अमेरिका के लिए एक काला क्षण बताया।

**ट्रंप ने इस हत्या के लिए किसे ठहराया जिम्मेदार :** अपने वीडियो संदेश में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले साल बटलर, पेंसिल्वेनिया में मेरे जीवन पर हुए हमले से लेकर आईसीई एजेंटों पर हमले, न्यूयॉर्क की सड़कों पर एक स्वास्थ्य सेवा अधिकारी की नृशंस हत्या, और सदन के बहुमत नेता स्टीव स्कैलिस और तीन अन्य की गोली मारकर हत्या तक। कट्टरपंथी वामपंथी राजनीतिक हिंसा ने बहुत से निर्दोष लोगों को चोट पहुंचाई है और बहुत से लोगों की जान ली है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि कट्टरपंथी वामपंथियों की बयानजाबी अमरिका में आतंकवादक के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इसको तुरंत रोकना होगा।

**कानून के कठघरे में लाए जाएंगे के सभी आरोपी :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मेरा प्रशासन उन सभी लोगों को ढूंढ निकालेगा जिन्होंने इस अत्याचार और अन्य राजनीतिक हिंसा में योगदान दिया है, जिनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो इसे वित्तपोषित और समर्थित करते हैं, साथ ही वे लोग भी जो हमारे न्यायाधीशों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और हमारे देश में व्यवस्था बनाए रखने वाले अन्य सभी लोगों के पीछे पड़े हैं।

# पार्टनर के लिए छोटी होने की चाहत, हाइट कम करने को महिलाएं करवा रही हैं सर्जरी



**इस्तांबुल , एजेंसी।** अब तक आपने पुरुषों के लेग-लेंथनिंग सर्जरी (ऊंचाई बढ़ाने) की खबरें खूब सुनी होंगी, लेकिन तुर्की में अब महिलाओं के बीच ठीक उलटा चलन सामने आया है। लिंब-शॉर्टनिंग सर्जरी यानी जान-बूझकर कद कम करवाना। क्या है वजह? प्यार और रिलेशनशिप में रहने वाली लड़कियों और महिलाओं को ज्यादा लंबी दिखने में झिझक होने लगी है। इसलिए वे ऐसा करवा रही हैं। डॉक्टर जांघ या पिंडली की हड्डी को काटकर उसका कुछ हिस्सा निकाल देते हैं। बची हुई हड्डी को स्टील रॉड से जोड़ा जाता है। जांघ की लंबाई अधिकतम 5.5 सेंटीमीटर और पिंडली की लंबाई लगभग 3 सेंटीमीटर तक कम की जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक महिला ने अपना कद 172 सेमी (5 फिट पौने 8 इंच) से घटाकर 167.9 सेमी (5 फिट 6 इंच) करवा लिया। इस्तांबुल की कई क्लीनिक इस सर्जरी को लक्जरी पैकेजमें बेच रही हैं। इसमें अस्पताल में भर्ती, शहर की सैर, रेस्तरां डिनर और यहां तक कि बोट राइड भी शामिल हैं। लेकिन सर्जरी के बाद की हकीकत बेहद दर्दनाक होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक महीनों तक रिकवरी में लग जाती हैं। कई बार व्हीलचेयर पर रहना पड़ता है। हफ्ते में 4-5 दिन फिजियोथेरेपी करवानी पड़ती है। इसके कई गंभीर खतरे भी हैं। जैसे कि नसों को नुकसान, हड्डियों में इंफेक्शन, मांसपेशियों की कमजोरी और कभी-कभी टूटी हड्डी का न जुड़ पाना भी होता है।

**क्यों चाहती हैं महिलाएं छोटा कद :** इस्तांबुल में इसे हाइट पॉलिटिक्स कहा जाता है। ज्यादातर पुरुष छोटी कद की महिला साथी पसंद करते हैं, जबकि महिलाएं लंबे पुरुषों को प्राथमिकता देती हैं। ऐसे में अपेक्षाकृत लंबी महिलाएं डेटिंग गैप महसूस करती हैं और कद घटाने तक के कदम उठा रही हैं। आपको यह भी बता दें कि एक शोध में लंबे कद की महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम अधिक पाया गया है।

# अगला नंबर आपका, छोड़ने वाला नहीं इजरायल; डर और बौखलाहट में हिजबुल्ला ने खाड़ी देशों को चेताया

**बेरूत , एजेंसी।** लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के नेता ने बुधवार को कहा कि कतर पर इजरायल का हमला खाड़ी देशों के लिए एक चेतावनी है कि अगर क्षेत्र में चमरपंथी समूहों की हार हुई तो भविष्य में उन्हें भी नहीं बख्शा जाएगा। कतर की राजधानी दोहा में फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के राजनीतिक नेतृत्व पर इजरायल के हमले के बाद हिज्बुल्ला के नेता नईम कासिम ने यह टिप्पणी की है। कतर की सरकार गाजा में जारी युद्ध को खत्म कराने में एक मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रही है। हमास ने कहा है कि इजराइली हमले में उसके पांच सदस्यों की मौत हुई है। जबकि कतर के एक सुरक्षा अधिकारी की भी जान चली गई है। कासिम ने कहा, हम कतर के साथ हैं जिस पर आक्रमण हुआ है और हम फलस्तीनी प्रतिरोध का भी समर्थन करते हैं।

**ग्रेटर इजरायल स्थापित करने की कोशिश :** उन्होंने कहा कि यह हमला मध्य




एशिया के एक बड़े हिस्से पर ग्रेटर इजरायल स्थापित करने के इजरायल के प्रयासों का एक हिस्सा है। उन्होंने इजरायल से सामान्य संबंध रखने वाले बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी के देशों की ओर इशारा करते हुए कहा, अगर प्रतिरोध करने वालों को दुश्मन हरा देता है तो अगला नंबर आपका होगा।

**दोहा में हमास के ठिकानों पर हमले :** बता दें कि मंगलवार को इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। माना जा रहा है कि इजरायल का यह हवाई हमला हमास को बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत करने के लिए मजबूर करने में कारगर साबित हो सकता है। दोहा में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के हमलों ने आतंकवादी समूह हमास के उन नेतृत्व को खत्म कर दिया है जिसने 7 अक्टूबर 2023 को हुए नरसंहार की योजना बनायी थी और जिसमें 1200 लोग मारे गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलहाल जीवित बचे एकमात्र हमास नेता खालिद मशाल हैं क्योंकि वह दोहा परिसर में मौजूद नहीं थे जहां हमला हुआ था।

**हमास आतंकियों को बंगले और पैसे दे रहा है कतर :** नेतन्याहू ने कहा कि 11 सितंबर के हमले के तुरंत बाद अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव पेश किया था। इसमें कहा गया था कि कोई भी आतंकियों को शरण न दे और वे जहां भी होंगे, वहीं पर मारा जाएगा। इजरायली पीएम ने कहा कि हम भी उसी नीति पर काम कर रहे हैं। हमास के आतंकी जहां भी होंगे, हम उन्हें मार गिराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कतर की ओर से हमास के आतंकियों को पाला जा रहा है। उनके लोगों को बंगले दिए जा रहे हैं और पैसे दिए जा रहे हैं। इसी रकम से वे इजरायल के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

**'लादेन को मारने पर करते थे अमेरिका की तारीफ, हम पर क्यों भड़के' :** इजरायल के नेता ने कहा, हम वही कर रहे हैं, जो अमेरिका ने किया था। जैसे उन्होंने अफगानिस्तान में घुसकर अलकायदा के आतंकी मारे थे और पाकिस्तान में बिन लादेन को ढेर किया था। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि जिन देशों ने लादेन को मारे जाने पर अमेरिका की सराहना की थी, वे हमारे ऐक्शन पर निंदा कर रहे हैं। बता दें कि दोहा में हमले से कतर समेत तमाम मुस्लिम देश भड़के हुए हैं। कतर का कहना है कि हमारी राजधानी में हमला करना संप्रभुता के खिलाफ है।

# सचिन तेंदुलकर बनेंगे बीसीसीआई के नए अध्यक्ष, महान बल्लेबाज ने तोड़ी चुप्पी

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ में नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि मास्टर ब्लास्टर को रोजर बिन्नी की जगह BCCI अध्यक्ष बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, SRT स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है।

SRT स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'हमारे संज्ञान में आया है कि सचिन तेंदुलकर के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष पद के लिए विचार किए जाने या नामांकित किए जाने के बारे में कुछ रिपोर्ट और अफवाहें फैल रही हैं।' बयान में आगे कहा गया, 'हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। हम सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे निराधार अटकलों पर ध्यान न दें।'

BCCI अध्यक्ष का पद फिलहाल खाली है, क्योंकि रोजर बिन्नी को इस साल की शुरुआत में 70 साल की उम्र पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था। बोर्ड के संविधान के अनुसार कोई भी पदाधिकारी 70 की उम्र के बाद पद पर नहीं रह सकता। इस बीच उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कार्यवाहक अध्यक्ष का कार्यभार संभाला लिया है। पदाधिकारियों के चुनाव 28 सितंबर को होने वाली BCCI की वार्षिक आम बैठक में होंगे और ऐसी अटकलें हैं कि सर्वसम्मति से इस पद के लिए तेंदुलकर से संपर्क किया जा सकता है।

तेंदुलकर के BCCI अध्यक्ष बनने की खबर उस समय और अधिक चर्चा में आई जब एक मीडिया हाउस ने दावा किया था कि अपने करियर के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ने के लिए प्रसिद्ध एक दिग्गज भारतीय क्रिकेटर पर भी इस शीर्ष पद के लिए विचार किया जा रहा है। पूर्व क्रिकेटरों द्वारा BCCI अध्यक्ष पद संभालने का चलन 2019 में शुरू हुआ, जब सौरव गांगुली ने यह पद संभाला। बाद में भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बिन्नी ने उनकी जगह ली।



गौरतलब है कि तेंदुलकर ने कभी कोई प्रशासनिक पद नहीं संभाला है और BCCI अध्यक्ष बनने के लिए किसी राज्य क्रिकेट संघ का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। BCCI संविधान के अनुसार प्रत्येक पूर्व भारतीय खिलाड़ी स्वतः ही अपने संबंधित राज्य संघ का सदस्य बन जाता है। हालांकि, BCCI में किसी भी पदाधिकारी पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए उस राज्य संघ से औपचारिक नामांकन आवश्यक है।

# भारत-पाक मैचों का क्रेज कम हुआ, अब तक आधे टिकट भी नहीं बिके



**दुबई (एजेंसी)।** यहां खेले जा रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक दर्शकों की कमी देखी गयी है। यहां तक कि रविवार को होने वाले भारत और पाकिस्तान मैच के लिए भी टिकटों की मांग नहीं हैं। पहले जहां टिकटों की भारी मांग रहती थी और मोटी कीमत पर भी लोग इन्हें खरीदने के लिए तैयार रहते थे। वहीं इस बार आधी टिकटें भी नहीं बिकी है। इससे लगता है कि अब भारत-पाक मैच का आकर्षण पहले जैसा नहीं रहा। या दर्शक इस बार पाक के खिलाफ मैच का बहिष्कार कर रहे हों। रविवार को दोनो ही टीमों के बीच दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ये मैच है पर अभी तक 50 फीसदी टिकट नहीं बिके हैं।

ये पहली बार ऐसा है, जब दोनो- टीमों के बीच मैच के टिकट मैच से पहले तक उपलब्ध रहने वाले हैं। इन टीमों के बीच मैच में प्रशंसकों के बीच टिकटों को लेकर मारामारी मची रहती थी पर इस बार ऐसा नहीं है। इसका कारण है कि करीब 50 फीसदी टिकट अभी भी नहीं बिके हैं। इसका बड़ा कारण ये हो सकता है कि भारतीय प्रशंसक इस मैच का बहिष्कार कर रहे हों और वे क्रिकेट जगत को दिखाना चाहते हैं कि वे पाक के साथ किसी भी स्तर पर क्रिकेट देखना पसंद नहीं करेंगे।

ऐसा इसलिए क्योंकि इस अप्रैल में पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से ही प्रशंसक पाक से किसी प्रकार का संबंध नहीं चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट प्रशंसक इस बात से नाराज थे कि भारत सरकार और बीसीसीआई ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार नहीं किया। यही नाराजगी अब टिकट खिड़की पर दिख रही है। जिस मैच के लिए ब्लैक में टिकट मिलते थे, उस मैच के लिए टिकट बिक नहीं पा रहे। इससे पहले भारतीय पूर्व क्रिकेटरों ने ने लीजेंड्स लीग में पाकिस्तान का बहिषकार किया था। टिकट कम बिक्री का एक कारण ये भी माना जा रहा है कि

पाकिस्तान की टीम अब पहले जैसी नहीं रही और ये मैच एकतरफा होने लगे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने पिछले 5 मैच आसानी से जीते हैं। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान की टीम भारत को टक्कर नहीं दे पाती।

# ब्रेट ली की सर्वकालिक टी20 एशिया कप टीम में विराट, रोहित सहित पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल





**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ये सर्वकालिक टी20 एशिया कप टीम बनायी है। इसमें पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने भारत के विराट कोहली, रोहित शर्मा, महेन्द्र सिंह धोनी, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को शामिल किया है पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को जगह नहीं दी है। ब्रेट ली ने भारतीय टीम के पांच खिलाड़ियों जबकि पाकिस्तान के केवल दो खिलाड़ियों मोहम्मद रिजवान और हारिस रउफ को इस टीम में शामिल किया है।

रोहित और विराट ने पहले ही टी20 से संन्यास ले लिया है। ऐसे में ये दोनो ही एशिया कप 2025 के लिए टीम में नहीं हैं। वहीं रिजवान और बाबर खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर हैं। ली की बनायी टीम में धोनी और भारतीय टीम का हिस्सा रहे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी शामिल हैं।

टीम में यूएई के पूर्व स्पिनर अमजद जावेद, श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा, अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, यूएई के नवीद और पाकिस्तान के हारिस रऊफ को भी शामिल किया गया है।

ब्रेट ली की सर्वकालिक एशिया कप टी20 टीम

विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद रिजवान, बाबर हयात, एमएस धोनी, हार्दिक पंड्या, वानिंदु हसरंगा, राशिद खान, अमजद जावेद, मोहम्मद नवीद, हारिस रऊफ, जसप्रीत बुमराह।

# एशिया कप में पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिये : हरभजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का कहना है कि वर्तमान हालातों में पाकिस्तान से क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिये। हरभजर ने कहा कि जब तक पाक से संबंध तनावपूर्ण हैं तब तक न तो खेल होना चाहिये और न ही व्यापार। हरभजन ने कहा कि जब तब दोनों देशों के बीच संबंध नहीं सुधर जाते तब तक भारत और पाकिस्?तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली जानी चाहिए। भारत और पाक टीम एशिया कप में रविवार को आमने-सामने होंगी। पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए हरभजन सहित कई प्रशंसकों का मानना है कि पाक के साथ खेल नहीं होना चाहिये। उनका कहना है कि पूर्व क्रिकेटरों ने भी वर्ल्ड चैंपियनशिप्स ऑफ लीजेंड्स में पाक के खिलाफ दोनो ही मुकाबलों का बहिष्कार किया था। हरभजन के अनुसार हर किसी की सोच अलग होती है पर मेरा मानना है कि जब तक दोनों देशों के बीच संबंध सुधर नहीं जाते, तब तक क्रिकेट और व्यापार दोनों नहीं होना चाहिए हालांकि अगर सरकार कहती है कि मैच होना चाहिए तो फिर यह खेला जाना चाहिए। मगर दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होने चाहिए।



वहीं हरभजन ने भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमताओं को लेकर कहा कि सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाहर होने के बाद भी टीम मजबूत है।उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, अगर कोई भारतीय टीम को हरा सकता है, तो वो खुद टीम इंडिया है। यह इतनी मजबूत टीम है। हमारी क्रिकेट अलग स्तर की है। भले ही विराट और रोहित संन्यास ले चुके हैं, लेकिन टीम काफी मजबूत है।

हरभजन के अनुसार भारतीय टीम दुबई में खेले जा रहे एशिया कप में जीतेगी।

# भारत ने पहले महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत 11 से 25 नवंबर तक ऐतिहासिक रूप से पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी। मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। शुरुआत में काठमांडू को तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, जहां पाकिस्तान से जुड़े मैच होने थे, हालाँकि, नेपाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विश्व कप में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच होंगे। 56 खिलाड़ियों की राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज, उसके बाद कठोर प्रशिक्षण और चयन शिविरों के बाद दृष्टिबाधित महिलाओं के लिए अंतिम 16 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की गई है, जो विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा, लचीलापन और जुझारूपन दिखाने के लिए तैयार है।

**टीम सूची**

बी1 श्रेणी : सिमू दास (दिल्ली), पी. करुणा कुमारी (आंध्र प्रदेश), अनु कुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक)

बी2 श्रेणी : अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदाह (ओडिशा), सिमरनजीत कौर (राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पारबती मांडी (ओडिशा)

बी3 श्रेणी : दीपिका टीसी (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एनआर (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश), दुर्गा येवले (मध्य प्रदेश)

समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (CABI) इस ऐतिहासिक विश्व कप का गौरवशाली आयोजक है, जो दिव्यांग खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं के लिए समान मंच बनाने में भारत के नेतृत्व को दर्शाता है। CABI के अध्यक्ष महंतेश जी किवादासन्नावर ने कहा, 'यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है। भारत में इसकी मेजबानी करना गर्व की बात है और मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियां इस कसौटी पर खरा उतरेंगी, लाखों लोगों को प्रेरित करेंगी और देश को गौरवान्वित करेंगी।' इससे पहले भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 IBSA विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था, जहां दृष्टिबाधित क्रिकेट ने अपनी शुरुआत की।

# विश्व चैंपियनशिप में आमने-सामने होंगे नीरज और अरशद

टोक्यो (ईएमएस)। 13 सितंबर से 21 सितंबर के बीच जापान की राजधानी टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। वहीं इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से 19 सदस्यीय टीम भाग लेगी जबकि पाकिस्तान की ओर से केवल नदीम ही उतरेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद से ही ये पहली बार होगा जब नीरज और नदीम के बीच शीर्ष पर पहुंचने को लेकर प्रतिद्वंद्विता होगी। नीजर से टोक्यो जबकि नदीम ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन इवेंट के लिए नदीम को पहले आमंत्रण भेजा गया था पर दोनो देशों के बीच तनाव के बीच ही नदीम ने इसमें शामिल होने से ये कहकर इंकार कर दिया था कि इस दौरान उनक ट्रेनिंग कार्यक्रम है। विश्वचैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार को होगी और 18 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा।



# टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर हैं चहल कुलदीप दूसरे नंबर पर पहुंचे



मुम्बई। भारत के लिए अभी तक टी20 में सबसे अधिक विकेट तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम है। अर्शदीप ने अभी तक 99 विकेट लिए हैं। वहीं लेग युजवेंद्र चहल सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। उनके नाम 96 विकेट हैं। स्पिनरों की बात करें तो चहल पहले नंबर पर हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर कुलदीप यादव हैं। उनके नाम 41 मैचों में 73 विकेट हैं। वहीं इसके बाद आर अश्विन और अक्षर पटेल का नंबर आता है। अश्विन ने 65 मैचों में 72 विकेट लिए हैं। वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे स्पिनर हैं। वहीं अक्षर पटेल के भी इतने ही विकेट हो गये हैं हालांकि उन्होंने अश्विन से अधिक विकेट लिए है। अक्षर पटेल ने 72 मैचों में 72 विकेट हासिल कर लिए हैं। वे इस सूची में चौथे नंबर पर हैं। वहीं स्पिनर रवि बिश्नोई पांचवें नंबर पर है, उन्होंने 42 मैचों में 61 विकेट लिए हैं।

# एशिया कप 2025 : श्रीलंका पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मजबूत करने

**अबु धाबी (एजेंसी)।** बंगलादेश शनिवार को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 टी-20 के पांचवें मुकाबले में अपने पहले मैच में मिली जीत की महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त को मजबूत करने और श्रीलंका के खिलाफ टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने के लिए उतरेगा।

पिछले महीनों के आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश का पलड़ा भारी है क्योंकि उसने जुलाई 2025 में श्रीलंका को टी-20 सीरीज में 2-1 से हराया था और उनकी मौजूदा लय उन्हें एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाती है। बंगलादेश ने एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ शानदार शुरुआत की है। इस मैच में बंगलादेश ने लिटन दास की 39 गेंदों पर 59 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत बंगलादेश ने हांगकांग के खिलाफ 144 रनों के लक्ष्य का 18 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया।

बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन, मध्यक्रम के बल्लेबाज तौहीद हृदय और जैकर अली के साथ मिलकर एक संतुलित बल्लेबाजी क्रम प्रदान करते हैं जो प्रभावी ढंग से पारी को आगे बढ़ाने और समाप्त करने में सक्षम है। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाए तो तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान का तेज गेंदबाजी आक्रमण शानदार फॉर्म में है। स्पिनर महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन अबु धाबी की परिस्थितियों



के अनुकूल हैं। संभावित बंगलादेश एकादश- परवेज हुसैन इमोन, तनजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, जैकर अली, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तनजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान। वहीं अगर श्रीलंका की बात की जाये तो उसने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से केवल दो में जीत हासिल करते हुए, अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। बंगलादेश से सीरीज हार और जिम्बाब्वे से मिली करारी हार ने एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत में टीम पर दबाव बढ़ा दिया है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा के साथ मिलकर पारी को स्थिर करने की उम्मीद है, जबकि कामिल मिशारा और चरित असालंका पारी के अंत में तेजी ला सकते हैं।

गेंदबाजी आक्रमण की बात की जाए तो वनिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, दुनिथ वेल्ललेज और चरित असालंका की अगुवाई में श्रीलंका का स्पिन विभाग अबु धाबी की पिच पर महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, जो बीच के ओवरों में स्पिनरों के लिए अनुकूल है। दुष्मंथा चमीरा तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, हालांकि हालात में स्पिनरों का पलड़ा भारी लग सकता है।

विश्लेषकों के अनुसार शेख जायद स्टेडियम की पिच संतुलित है जिस पर बल्लेबाज शुरुआत में खुलकर खेल सकते हैं, जबकि स्पिनर बीच के ओवरों में सटीकता का फायदा उठाकर नियंत्रण बना सकते हैं। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को ऐतिहासिक रूप से फायदा मिलता रहा है। पिछले 10 टी20 मैचों में से आठ लक्ष्य का पीछा कर जीते गए है। इसलिए टॉस जीतने वाले कप्तान के पहले क्षेत्ररक्षण करने की संभावना है। 170 के आसपास के स्कोर से एक प्रतिस्पर्धी मुकाबला होने की उम्मीद है।

**संभावित प्लेइंग 11**

**बंगलादेश** - तंजीद हसन, परवेज़ हुसैन इमोन, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, तंज़ीम हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान

**श्रीलंका** -पथुम निसंका, कुसल मेंडिस (विकेट कीपर), कुसल परेरा, कामिल मिशारा, कामिंडु मेंडिस, चरित असालंका (कप्तान), दासुन शनाका, महेश दीक्षाना, दुनिथ वेल्ललेज/मथीशा पथिराना, वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा।

# संत प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंची साइना नेहवाल

नई दिल्ली। अनुभवी महिला बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल संत प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंची हैं। साइना के साथ इस दौरान उनकी मां और बहन भी थीं। साइना ने कहा कि कई बार जब उन्हें किसी इवेंट में जाना होता है तो वह तनाव में आ जाती। जिससे वह मुक्त होना चाहती हैं। इसपर प्रेमानंद जी महाराज ने उनकी शंकाओं का समाधान किया। साइना की प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करते समय की जो वीडियो आई है इसमें वह महाराज जी के सामने हाथ जोड़कर खड़ी हुई हैं और अपनी परेशानी उन्हें बता रही हैं। साइना के साथ उनकी मां उषा नेहवाल और उनकी बहन भी दिखाई दे रही हैं। साइना ने प्रेमानंद महाराज से पूछा, ', मुझे मंदिर जाना बहुत पसंद है और मैं काफी मंत्र भी जपती हूं पर जब भी मुझे कुछ लोग इवेंट्स में बुलाते हैं, तो उस टाइम का न सोचकर मैं थोड़ा तनाव में आ जाती हूं कि इस कार्यक्रम का क्या होगा।' साइना के सवाल का जवाब देते हुए प्रेमानंद महाराज ने कहा, 'अज्ञान की वृद्धि जब तक नष्ट नहीं होगी तब तक वह चिंता बनी रहती है। वहीं वर्तमान के समय को यदि हम भगवान के नाम को जपने में लगा दें तो हमारा भूत और भविष्य दोनों ठीक हो जाएगा।' संत ने कहा कि जब हमारी बुद्धि खराब हो जाती है तो नकारात्मकता अधिक फैलने लगती है और जब बुद्धि ज्यादा नकारात्मक हो जाती है तब हम अवसाद में पहुंच जाते हैं। वहीं अगर हमारी बुद्धि सकारात्मक होती है तो हम समस्या के साथ भी खुश रहते हैं।' हाल में साइना निजी जीवन को लेकर परेशान रही हैं। कुछ समय पहले ही उनका बैडमिंटन स्टार पारुपल्ली कश्यप से अलग होने की बात कही थी हालांकि बाद में फिर दोनो एकसाथ आ गये। दोनों ने अपने रिश्ते को एक ओर मौका दिया। साइना ने पति कश्यप के साथ तस्वीर शेयर करके जानकारी दी। प्रेमानंद जी महाराज ने आगे कहा कि तनाव नाम जप से आएगा। अगर हम राधा राधा राधा कृष्ण कृष्ण राम राम जो नाम प्रिय है वह नाम जप करें और पवित्र भोजन पावें। तो हमारे अंदर जो चिंता है, जो बेचैनी है यह फिर हमारे अंदर नहीं रहेगी. हर समय प्रसन्न रहेंगे. देखो जो भगवान के भक्तजन होते हैं, वे कैसी भी स्थिति को प्रसन्न रहते हैं, क्योंकि उनकी नकारात्मकता समाप्त हो जाती है। इसलिए नियमित तौर पर जाप करें। साइना से पहले क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी संत की शरण में पहुंचे थे।



# 'वह खेल को पूरी तरह से बदल सकते हैं' : पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने भारतीय ऑलराउंडर की तारीफ की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अक्सर भावनाएं हावी हो जाती हैं, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि इसी कमी के कारण उन्हें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण मैच गंवाने पड़े हैं। राजनीतिक तनाव के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट एक दशक से भी ज्यादा समय से स्थगित है जिससे उनके मुकाबले आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं तक ही सीमित हैं। पिछले 10 सालों में यह प्रतिद्वंद्विता काफी हद तक एकतरफ़ा रही है, जिसमें भारत ने 15 में से 12 मैच जीते हैं।

लतीफ ने कहा, 'हम भावुक या अति उत्साहित हो जाते हैं और एक ही बार में सब कुछ करने की कोशिश करते हैं। हम भारत के खिलाफ मैच को ज्यादा आगे नहीं ले जाते और इसी वजह से पाकिस्तान ज्यादातर हार जाता है।' पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आगे कहा, 'दूसरी ओर, भारत पिच और मैच की स्थिति के अनुसार खेलता है और इसीलिए वे सफल होते हैं।'

दोनों देश रविवार को दुबई में एशिया कप के ग्रुप ए मैच में एक-दूसरे के खिलाफ अपनी प्रतिद्वंद्विता फिर से शुरू करेंगे। लतीफ का मानना है कि हार्दिक पांड्या के फिनिशिंग कौशल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन द्वारा प्रदान किया गया संतुलन और जसप्रीत बुमराह की बेजोड़ सटीकता के साथ भारत की संयम बनाए रखने की क्षमता, उन्हें इस समय एक पूर्ण टीम बनाती है।

लतीफ ने कहा, 'हार्दिक पांड्या एक खतरनाक खिलाड़ी हैं। मध्यक्रम के खिलाड़ी या नीचे आने वाले खिलाड़ी खेल को बदल सकते हैं। पांड्या ने ऐसा एक बार नहीं, बल्कि कई बार किया है, जो अद्भुत है और इसीलिए उन्हें एक्स-फैक्टर कहा जाता है। वह खेल को पूरी तरह से बदल सकते हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और सूर्य कुमार यादव जैसे खिलाड़ी संतुलन लाते हैं, गेंदबाजी में बुमराह एक बड़ी संपत्ति हैं। कुल मिलाकर, यह एक बहुत अच्छी टीम है।'

लतीफ के लिए बुमराह अभी भी वह गेंदबाज हैं जो मुकाबलों को पलट सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जहां तक गेंदबाजी की बात है, सटीकता ज्यादा है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीयों का धैर्य और कौशल खेल के दौरान बेहतर प्रदर्शन करता है।' मेलबर्न में 2022 के टी20 विश्व कप में विराट कोहली के नाबाद 82 रनों ने भारत को मुश्किल से बाहर निकालकर अंतिम गेंद पर चार विकेट से जीत दिलाई। एक साल बाद एशिया कप में भारत ने कोलंबो में पाकिस्तान को 228 रनों से हरा दिया, लेकिन उनका सुपर 4 मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। अमेरिका में 2024 के टी20 विश्व कप में बुमराह के तीन विकेटों ने छह रनों से जीत सुनिश्चित की, क्योंकि भारत सिर्फ 119 रनों का बचाव कर पाया।

लतीफ ने कहा, 'पाकिस्तान पर पिछले 30 सालों से दबाव है। इसलिए शायद भारत इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगा।' हालांकि उन्होंने भारत की एक संभावित कमजोरी की ओर इशारा करते हुए कहा, 'भारत में एकमात्र कमी यह है कि उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। वे जरूर अभ्यास मैच खेल रहे होंगे या अभ्यास कर रहे होंगे। लेकिन उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। यह एक नुकसानदेह स्थिति हो सकती है।'

इस बीच पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में मुश्किल स्पिन पिचों पर त्रिकोणीय श्रृंखला खेलकर आया है, और लतीफ का मानना ??है कि यह अनुभव उन्हें जल्दी से अनुकूलन करने में मदद कर सकता है। नए कप्तान सलमान अली आगा के नेतृत्व में टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं, लेकिन एक ऐसा मुख्य समूह भी है जिसने इस दशक की शुरुआत में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम वही है। मैं कह सकता हूं कि तीन नए खिलाड़ी हैं। सलमान अली आगा, जो हाल ही में आए हैं। सैम अयूब का 2024 में पदार्पण। हसन नवाज। बाकी खिलाड़ी 2021, 2018 और 2016 के हैं। लतीफ ने कहा, 'हमारे पास एक नया कप्तान भी है और आप कह सकते हैं कि पाकिस्तान को बढ़त हासिल है।'



लतीफ का मानना है कि साहिबजादा फरहान पाकिस्तान के लिए एक सरप्राइज पैकेज हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'वह पिछले 3-4 सालों से टी20 में शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने लगभग 1000 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में उन्होंने 4-5 शतक लगाए थे। इस तरह उन्होंने खुद को वापस ला दिया है। उनकी अच्छी बात यह है कि वह टी20 क्रिकेट वैसे ही खेलते हैं जैसे उसे खेला जाना चाहिए। उन्हें जो भूमिका दी जाती है, वह उसे निभाते हैं। वह अपने लिए नहीं खेलते। वह पहले 10-12 ओवरों में गति पकड़ने की कोशिश करते हैं और यही उनकी सफलता का मंत्र रहा है।'

# नवंबर में चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप

चेन्नई। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अनुसार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएंगा। इसमें 28 नवंबर को जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जाएगा। मेजबान भारतीय टीम अपना पहला मैच 28 नवंबर को ही चिली के खिलाफ खेलेगी। उसके बाद उसे 29 नवंबर को पाकिस्तान से खेलना है। भारतीय टीम अपना अंतिम लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड से खेलेगी। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें भाग लेंगी। इसमें छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा कि जूनियर विश्व कप का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक बनाता है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल रहेंगी। इससे उभरती हुई प्रतिभाओं को आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को बताता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान को भी शामिल किया गया है हालांकि अभी तक पाक हॉकी संघ ने इसमें भाग लेने की पुष्टि नहीं की है।

## बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स का शेयर 66.7 प्रतिशत गिरा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबा रामदेव से जुड़ी कंपनी पतंजलि फूड्स के शेयर गुरुवार को 66.7 प्रतिशत गिर गए। लेकिन निवेशकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह गिरावट कंपनी द्वारा हाल ही में जारी किए गए 2:1 बोनस शेयर के कारण है। इसके कारण शेयर बाजार में यह तकनीकी बदलाव हुआ है। जिस निवेशक के पास पहले से कंपनी का एक शेयर था, उसे दो शेयर और मुफ्त में मिले हैं। कंपनी ने 11 सितंबर को रिकॉर्ड डेट तय की थी। उसके बाद यह बदलाव हुआ। दोपहर 12.20 यह 1.02 प्रतिशत तेजी के साथ 594.05 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। बोनस शेयरों के बाद अब पतंजलि फूड्स के शेयरों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। इसलिए शेयर की कीमत भी उसी अनुपात में गिर गई है। इससे कंपनी के बाजार मूल्य या निवेशकों के पैसे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मान लीजिए आपके पास पहले 3,000 रुपये का एक शेयर था। बोनस शेयर मिलने के बाद अब आपके पास 1,000 रुपये के तीन शेयर हैं। आपके निवेश की कुल कीमत अभी भी 3,000 रुपये ही है। यह जो कीमत में बदलाव हुआ है, वह सिर्फ मैथमेटिकल है। इसका कंपनी के कामकाज से कोई लेना-देना नहीं है। अक्सर बोनस शेयर जारी करना इस बात का संकेत है कि कंपनी के मालिक भविष्य में अच्छी कमाई की उम्मीद कर रहे हैं। इससे शेयर बाजार में कंपनी के आसानी से खरीदे और बेचे जा सकेंगे। साथ ही, छोटे निवेशकों के लिए भी शेयर खरीदना आसान हो जाएगा। पिछले एक साल में पतंजलि फूड्स के शेयर 6.75 प्रतिशत गिरे हैं। इस साल इसमें 0.32 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई है। हालांकि पिछले छह महीनों में शेयर 3.00 प्रतिशत और पिछले तीन महीनों में 6.84 प्रतिशत बढ़ा है। लेकिन पिछले एक महीने में इसमें 0.13 प्रतिशत की गिरावट आई है

## मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड को अपने बैटरी संचालित सामान वाहन मुशक ईवी के निर्माण की मंजूरी मिली

**मुंबई, एजेंसी।** मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड जो इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में अग्रणी स्थान रखता है और व्यापक श्रेणी के ईवी का निर्माण करता है, ने घोषणा की है कि उसे मुशक ईवी (बैटरी संचालित 4-व्हीलर गुड्स कैरियर एवं के निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। मुशक ईवी की विशेषता इसका अनब्रेकेबल बॉडी है, जो मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह पूर्णतः 'मेक इन इंडिया' उत्पाद है और पूरी तरह भारत में निर्मित है, जिससे देश के स्थानीय उद्योगों को समर्थन मिलेगा। साथ ही, यह आगामी सरकारी सब्सिडी के लिए भी पात्र है। यह स्वीकृति कंपनी के लिए एक बड़ा कदम है, जो राजस्व और विस्तार के नए अवसर खोलेगा। उपभोक्ता आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह लॉन्च मार्केट-ड्रिवन है और व्यवसाय को गति हाल ही में कंपनी को गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और कोरिया स्मार्ट ई-मोबिलिटी एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक में आमंत्रित किया गया। बैठक का उद्देश्य भारत और कोरिया के बीच इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और लिथियम-आयन बैटरी के विकास हेतु तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान था।
बी ई-मोबिलिटी के चेयरमैन श्री ड्युक-उन ली, भारत में केइएमए के प्रतिनिधि प्रो. जंग-सुक रयो, इंडोनेशिया के प्रतिनिधि श्री सु चांग ओह और केइएमए के प्रबंध निदेशक डॉ. इम की सियो उपस्थित हुए।

# इत्र उत्पाद बन सकते हैं वैश्विक ब्रांड

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाता है। यह क्षेत्र न केवल नवाचार को प्रोत्साहित करता है, बल्कि रोजगार सृजन में भी अहम योगदान दे रहा है। साथ ही स्थनीय और क्षेत्रीय विकास को मजबूती प्रदान कर रहा है। देशभर में एमएसएमई के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, फाइनेंस तक आसान पहुंच, सप्लाई चेन का आधुनिकीकरण, निर्यात क्षमता, कौशल विकास और नीति सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से विचार-विमर्श के लिए अमर उजाला एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है।

### कॉन्क्लेव का उद्देश्य

इस कॉन्क्लेव में चर्चा का मुख्य फोकस भविष्य की फंडिंग व्यवस्था, मार्केटिंग और ब्रांडिंग की नई रणनीतियां, उभरती तकनीकें, नवाचारी वित्तीय विकल्प, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर होगा। इसके साथ ही महिलाओं की भागीदारी, भारतीय एमएसएमई के वैश्विक विस्तार और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उपाय भी एजेंडा में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर को और मजबूत बनाना है ताकि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम हो सके। ओडीओपी योजना के जरिए हर जिले के खास उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रांड के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### भारत की सुगंध राजधानी है कन्नौज



### भारत की सुगंध राजधानी है कन्नौज

भारत में सुगंध और हस्तशिल्प के क्षेत्र में कन्नौज को विशेष स्थान प्राप्त है। यह जिला परफ्यूम, अत्तार, और एसेंशियल ऑयल्स के उत्पादन के लिए जाना जाता है। साथ ही कानपुर से सट्टे होने की वजह से लेदर प्रोडक्ट्स और फुटवियर क्षेत्र में भी कन्नौज की स्स्स्ध इकाइयों की अहम भूमिका है। सरकार ने एमएसएमई योजना के तहत कन्नौज में सुगंध एवं स्वाद विकास केंद्र (एफएफडीसी ), परफ्यूम पार्क (यूपीएसआईडीसी), ओडीओपी, बाजार विकास सहायता योजना शुरू की गई है। इनमें सुगंधको, अजमल परफ्यूम जैसे बड़े ब्रांड निकल कर आए हैं।

### कई चुनौतियों से जूझ रहा कन्नौज का उद्योग

हालांकि, कन्नौज का एमएसएमई सेक्टर पर्यावरणीय अनुपालन और निर्यात मांग में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। इन कठिनाइयों के बावजूद, क्षेत्र की स्स्स्ध इकाइयां लगातार नए उत्पाद विकसित कर रही हैं और रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। कन्नौज का पारंपरिक इत्र उद्योग, जिसे कभी भारत की सुगंध राजधानी कहा जाता था, आज कई मोर्चों पर संकट का सामना कर रहा है। प्राकृतिक इत्र की जगह तेजी से बढ़ती सिंथेटिक सुगंधों ने इसकी मांग को प्रभावित किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में सस्ते और आसानी से उपलब्ध कृत्रिम परफ्यूम कन्नौज के कारीगरों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। इसके अलावा, इत्र निर्माण के लिए आवश्यक फूलों और प्राकृतिक तत्वों की आपूर्ति पूरी तरह मौसम और जलवायु पर निर्भर है। असमय बारिश, तापमान में बदलाव और फसलों की घटती पैदावार ने कच्चे माल की लागत और उपलब्धता दोनों पर असर डाला है।

## टाटा प्ले पर देखिए अब टाटा प्ले आराधना के साथ ही टाटा प्ले भक्ति संगीत भी

**मुंबई, एजेंसी।** देश में मनोरंजन की दुनिया में अपनी एक विशेष पहचान के साथ टाटा प्ले ने अपनी आध्यात्मिक पेशकशों का विस्तार करते हुए टाटा प्ले भक्ति संगीत की शुरुआत की है। यह 24/7 संगीत सेवा टाटा प्ले आराधना के अंतर्गत पेश की गई है। टाटा प्ले आराधना के उपभोक्ता 9 सितंबर से टाटा प्ले भक्ति संगीत का आनंद ले सकेंगे, जो उन्हें संपूर्ण भक्ति का एक समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा। टाटा प्ले भक्ति संगीत पर मंत्रों, जाप, भजन, कीर्तन, आरती, स्तोत्र, कथा आदि के साथ आध्यात्मिक संगीत का एक विस्तृत संग्रह उपलब्ध होगा। यह शंकर महादेवन, अनूप जलोटा, अनुराधा पौड़वाल, सुरेश वाडेकर एवं अन्य प्रतिष्ठित कलाकारों की आवाज में प्रार्थना, ध्यान और दैनिक पूजा के लिए एक अनुकूल और भक्तिमयी वातावरण प्रदान करेगा। भक्त पौराणिक महाकाव्य, जैसे रामायण, महाभारत आदि देख सकते हैं।

### एसरी इंडिया और ध्रुवास्पेस ने स्पेस-पावर्ड सॉल्यूशंस के साथ

## जियोस्पैटियल इंटेलिजेंस में परिवर्तन लाने के लिए गठबंधन किया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने एडवांस्ड जीआईएस इंटीग्रेशन के जरिए भारत में सैटेलाइट इमेजरी की उपलब्धता एवं पहुंच बढ़ाने के लिए हैदराबाद स्थित ध्रुवास्पेस के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। ध्रुवास्पेस एक फुल-स्टैक स्पेस टेक कंपनी है। इस रणनीतिक साझीदारी के जरिए ध्रुवास्पेस ऑप्टिकल, एसएआर, आरएफ व हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स में फैले हुए 200 से अधिक सैटेलाइट्स के एक तारामंडल नेटवर्क से डेटा एकत्रित कर उसे एक एकीकृत पारितंत्र में डालने वाले अपने एस्ट्राव्यू कॉमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी सेवा का



विस्तार करने के लिए एसरी इंडिया के एडवांस्ड आर्कजीआईएस टेक्नोलॉजी का उपयोग करेगी। इस गठबंधन का लक्ष्य एक एकीकृत सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्रदान करना है जिससे ग्राहक एसरी की जबरदस्त जीआईएस क्षमताओं के साथ ही एस्ट्राव्यू की कार्य योग्य अंतर्दृष्टि तक सहजता से पहुंच सकें और उनका विश्लेषण कर सकें। एसरी इंडिया और ध्रुवास्पेस के बीच गठबंधन से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल में अंतरिक्ष आधारित डेटा का उपयोग करने के लिए नए द्वार खुलने की संभावना है जिससे नवप्रवर्तन को बढ़ावा मिलेगा और जियोस्पैटियल इंटेलिजेंस एवं अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहे भारत को सहयोग मिलेगा। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, ध्रुवास्पेस के साथ यह साझीदारी अति आधुनिक सैटेलाइट इमेजरी क्षमताओं को भारत में जीआईएस यूज़र्स के करीब लाएगी। यह भारत के जियोस्पैटियल पारितंत्र को मजबूती देने स्पेसटेक क्षेत्र में देशज नवप्रवर्तन में सहयोग करने की हमारी सतत प्रतिबद्धता दर्शाती है।

## आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर को खरीदने की मची लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कई ऐसी कंपनियां हैं जिनके शेयर पेनी कैटेगरी में आते हैं। ऐसा ही एक पेनी शेयर- टेक्सटाइल कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज का है। कंपनी के शेयर में बुधवार को तूफानी तेजी देखी गई। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को यह शेयर 18.12 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले करीब 4 पर्सेंट बढ़कर 19.34 रुपये तक पहुंच गया। अप्रैल 2025 में यह शेयर 13.90 रुपये के निचले स्तर पर आ गया था।

भारत-अमेरिकी के बीच व्यापार वार्ता सफल होने की उम्मीद फिर से बंधने से बाजार में तेजी रही। इसका असर आलोक इंडस्ट्रीज पर भी पड़ा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में आई कड़वाहट दूर होने का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के किसी सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वह आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत करने को उत्सुक हैं। इसके जवाब में, प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को 'एक्स' पर लिखा कि दोनों देशों के बीच जारी बातचीत उनके बीच साझेदारी की असीम संभावनाओं को सामने लाने का रास्ता साफ करेगी। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी है।

### पेप्सिको इंडिया और एफआईसीएसआई ने मप्र में, महिला नेतृत्व वाले

## मिलेट प्रोसेसिंग को बढ़ावा दिया

**सिंगरौली, एजेंसी।** समावेशी विकास और घरेलू सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पेप्सिको इंडिया ने एफआईसीएसआई (फूड इंडस्ट्री कैपेसिटी एंड स्किल इनिशिएटिव) के सहयोग से मध्य प्रदेश में रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की. पेप्सिको इंडिया की 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस'



फिलॉसफी से जुड़ा यह उपक्रम राज्य के पांच जिलों सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल और सतना की 2,000 ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है. कार्यक्रम के उद्घाटन में ग्राम प्रधान श्री दीपक कुमार पांडेय और रोजगार सहायक श्री रमेश कुमार साह उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र की महिलाओं के लिए सतत कृषि और आत्मनिर्भर आजीविका को और आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी. भारत सरकार के मिलेट की खेती और खपत को बढ़ावा देने पर केंद्रित प्रयासों के अनुरूप, यह संरचित कार्यक्रम मिलेट प्रोसेसिंग के लिए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने में योगदान देगा. इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप महत्वपूर्ण कौशल प्रदान किए जाएंगे और उन्हें एफआईसीएसआई द्वारा 'मिलेट प्रोडक्ट्स प्रोसेसर' के रूप में प्रमाणपत्र मिलेगा. प्रशिक्षण में सुरक्षित खाद्य संचालन, स्वच्छता, उत्पाद विकास और उद्यमिता जैसी क्षमताओं को शामिल किया गया है, जिससे महिलाएं मिलेट प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन की प्रमुख योगदानकर्ता बन सकेंगी.

## फ्लिपकार्ट ने फैशन स्पॉटलाइट को लॉन्च करने की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी।**
2025 के त्योहारी सीजन से पहले भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने फैशन स्पॉटलाइट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेषरूप से टियर 2 क्षेत्रों के डिजिटल-फर्स्ट फैशन ब्रांड्स के विकास को गति देने के लिए फ्लिपकार्ट का फ्लैगशिप प्रोग्राम है। फैशन के मामले में डी2सी सेगमेंट में विकास के व्यापक अवसर हैं, विशेषरूप से टियर 2 क्षेत्रों के ब्रांड्स के लिए, जिनके पास अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए सही टूल्स की उपलब्धता नहीं है। फ्लिपकार्ट ने साल के अंत तक इस प्रोग्राम को 10 गुना करते हुए करीब 500 ब्रांड तक पहुंचने और धीरे-धीरे और भी ब्रांड्स तक पहुंचने की योजना बनाई है। ऐसा करते हुए फैशन स्पॉटलाइट सही मायनों में डी2सी फैशन टैलेंट के लिए लोकतांत्रिक तरीके से काम करने वाला लॉन्चपैड बन सकेगा।

इस लॉन्चिंग को लेकर फ्लिपकार्ट फैशन के वाइस प्रेसिडेंट कुणाल गुप्ता ने कहा पूरे भारत में फैशन सेगमेंट में डी2सी क्रांति की कमान नए उद्यमी संभाल रहे हैं, जो स्थानीय संस्कृति एवं



उपभोक्ताओं की जरूरतों को गहराई से समझते हैं। स्पॉटलाइट को उनके लिए ही बनाया गया है ऐसे ब्रांड्स जो हॉट क्लाइमेट, स्थानीय प्रयोग और फैब्रिक इनोवेशन कर रहे हैं, जिससे भारत के लोगों तक सही फैशन पहुंच सके। हमारा लक्ष्य उन्हें इस सफर पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाना है। इसके लिए उन्हें तब तक सहयोग किया जाएगा, जब तक कि उनका कारोबार बढ़ नहीं जाता और उनके प्रोडक्ट को मार्केट में पहचान नहीं मिल जाती। यह बात सिर्फ डिस्ट्रीब्यूशन की नहीं है, यह ब्रांड्स की ऐसी जनरेशन तैयार करने की बात है, जो डिजिटल तरीके से बने हैं, स्थानीयता को प्राथमिकता देते हैं और फैशन सेक्टर के 20 करोड़ ग्राहकों को सर्विस देने के लिए तैयार हैं।' यह रणनीतिक शुरुआत त्योहारी सीजन के मौके पर की गई है। पारंपरिक तौर पर इस दौरान फैशन की मांग बढ़ती है। फ्लिपकार्ट फैशन पर आज की तारीख में 100 से ज्यादा डी2सी फैशन ब्रांड्स जुड़े हुए हैं। फ्लिपकार्ट देशभर में लाखों ग्राहकों के लिए क्यूरेटेड एवं ट्रेंड आधारित सेलेक्शन उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों को विस्तार दे रहा है। कई डी2सी फैशन ब्रांड्स ने फ्लिपकार्ट के मार्केटप्लेस पर जबर्दस्त विकास दर्ज किया है। इनमें सालाना आधार पर पिछले साल 500 प्रतिशत विकास करने वाले रेयर रैबिट, 2300 प्रतिशत विकास दर्ज करने वाले मिराजियो और 200 प्रतिशत विकास दर्ज करने वाले जूक के नाम उल्लेखनीय हैं। फ्लिपकार्ट पर 3 में से 1 ग्राहक फैशन सेगमेंट में अपनी पहली खरीदारी करता है। सोशल मीडिया की तुलना में पिछले साल एप पर परचेज इंटेंट 3 गुना बढ़ा था।

## भारत के बंदरगाहों पर जहाज लाने से डरते हैं भारतीय कैप्टन




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत की छवि अंतराष्ट्रीय स्तर पर सुधारने के लिए एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी करवट कर रहे हैं। दूसरी तरफ भारत सरकार के कुछ अधिकारी कुछ इस तरह का काम कर रहे हैं कि दुनिया भर में यहां का नाम खराब हो रहा है। हम बात कर रहे हैं शिपिंग सेक्टर की। जी हां, भारत के बंदरगाहों, खास कर सरकारी बंदरगाहों पर इंटरनेशनल रूट पर चलने वाले शिप से वसूली की खबर अब सोशल मीडिया पर भी चलने लगी है।

नवभारत टाइम्स ने इस बारे में कई मास्टर मैरिनर जिसे आम भाषा में कैप्टन कहते हैं, से बात की। सबने मुक्त कंठ से इस आरोप की पुष्टि की। उनका कहना है कि भारतीय बंदरगाहों पर कस्टम विभाग के अधिकारी बिल्कुल डकैत की तरह व्यवहार करते हैं। वे जहाज पर सिर्फ विभागीय कर्मचारियों के साथ ही नहीं आएंगे बल्कि अपने साथ रेमेजिंग ग्रुप के साथ आते हैं। वे स्टोर में जाएंगे और मार्लोबोरो जैसे कीमती सिगरेट की 20-25 कार्टन उठा लेंगे। वे सस्ते सिगरेट से मानते नहीं उन्हें तो 25 डॉलर से लेकर 50 डॉलर प्रति डिब्बी वाला सिगरेट चाहिए। इसके साथ ही उन्हें महंगी विदेशी शराब भी चाहिए। किस्सा यहीं अंत नहीं होता, उनके साथ चल रहे चमचेनुमा व्यक्ति फिर नीचे प्रोविजन रूम में जाएंगे और वहां से बटर, ओलिव ऑयल, कॉफी, टीबैग का कार्टन, जैम, न्यूट्रीला जैसे प्रोडक्ट का कार्टन उठा लेंगे। यहां तक कि वे फ्रोजन चिकन और कोल्ड ड्रिंक की बोतल का कार्टन भी उठा लेते हैं। एक कैप्टन का कहना है कि ऐसा सिर्फ भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश के बंदरगाहों पर दिखता है। दुनिया के अन्य बंदरगाहों पर ऐसा नहीं होता है। अन्य देशों में तो वे सिगरेट के कार्टन को ही गिफ्ट के रूप में स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन भारत में तो कस्टम विभाग के लोग जहाज का कस्टम क्लियरेंस जल्दी देने के लिए सीधे-सीधे डॉलर मांगते हैं।

### एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड और नैस्डैक सूचीबद्ध डिगीएशिया कॉर्प ने एआई-संचालित ब्रांचलेस

## बैंकिंग और फाइनेंशियल इंक्लूजन नवाचार में रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया

**मुंबई, एजेंसी।**
एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड (एनएसईः एमओएस), भारत की एक प्रमुख फिनटेक इनोवेटर कंपनी, और नैस्डैक सूचीबद्ध डिगीएशिया कॉर्प, जो इंडोनेशिया की अग्रणी फिनटेक प्लेटफ़ॉर्म है, ने अपने रणनीतिक सहयोग के विस्तार की घोषणा की है। यह साझेदारी सिर्फ़ भुगतान सेवाओं तक सीमित न रहकर ब्रांचलेस बैंकिंग, एआई-आधारित ढांचा और फाइनेंशियल इंक्लूजन समाधान तक फैलाई जाएगी, जो 30 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अवसर को लक्ष्य बना रही है। एमओएस की टेक्नॉलॉजी डिगीएशिया के ब्रांचलेस बैंकिंग नेटवर्क में एकीकृत की जाएगी, जिससे इंडोनेशिया में एक मिलियन से अधिक व्यापारियों को वित्तीय सेवा एजेंट के रूप में जोड़कर अपूर्ण रूप से सेवित समुदायों तक पहुंच बढ़ाई जाएगी। डिगीएशिया कॉर्प के सह-सीईओ प्रशांत गोकार्ण ने कहाः हमारी साझेदारी एमओएस के साथ केवल भुगतान से आगे बढ़कर एआई-संचालित ब्रांचलेस बैंकिंग ईकोसिस्टम बनाने की दिशा में है, जो एक मिलियन से अधिक इंडोनेशियाई व्यापारियों को सक्षम बनाएगा और एशिया में डिजिटल व्यापार और समावेशी वित्त की नींव रखेगा। एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के चेयरमैन और डायरेक्टर श्री चिराग शाह ने कहाः एमओएस के मॉड्यूलर फिनटेक इंफ्रास्ट्रक्चर को डिगीएशिया की डिस्ट्रीब्यूशन रीच के साथ जोड़कर हम एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म बना रहे हैं, जो वित्तीय सेवाओं की डिलीवरी को बदल देगा। एजेंट-नेटवर्क एआई से लेकर क्रॉस-बॉर्डर सपोर्ट तक, यह उभरते बाज़ारों में वित्तीय समावेशन को मज़बूत करेगा।

## माउंटेन ड्यू ने लॉन्च किया 400 एमएल पीईटी पैक

**मुंबई, एजेंसी।**
पेप्सिको इंडिया के बोल्ड एवं फियरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने मात्र 20 रुपये में अपना नया 400 एमएल पीईटी पैक लॉन्च करने की घोषणा की है। अनूठी लॉन्चिंग के साथ माउंटेन ड्यू ने अपने प्राइस-पैक आर्किटेक्चर को इस तरह विस्तार दिया है, जिससे डर के आगे जीत है की कंपनी की फिलॉसफी के मुताबिक बेहतर वैल्यू एवं एक्सेसिबिलिटी मिल सके। ब्रांड अपने प्रशंसकों को हर सिप के साथ साहस और रोमांच को गले लगाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस लॉन्चिंग के मौके पर माउंटेन ड्यू ने रोमांच से भर देने वाले टीवीसी कैंपेन को भी पेश किया है। इसमें सेलेब्रिटी ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन नजर आए हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर ने किया है।

पेप्सिको इंडिया की कैटेगरी हेड आकांक्षा दलाल ने कहा माउंटेन ड्यू में हमारी फिलॉसफी है लोगों को हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना। 20 रुपये में 400 एमएल पीईटी पैक की लॉन्चिंग ड्यू एक्सपीरियंस को ज्यादा सुगम बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही यह हमारी बोल्ड आइडेंटिटी के अनुरूप भी है। ग्राहकों की ओर से मिली इनसाइट्स के अनुरूप किए गए इस इनोवेशन से कोई समझौता किए बिना ग्राहकों को बेहतर वैल्यू मिलेगी। ऋतिक रोशन के साथ हमारा नया कैंपेन साहस और जीत की भावना




को सटीक तरीके से दर्शाता है, जो कि माउंटेन ड्यू की पहचान हैं।' इस कैंपेन को लेकर ऋतिक रोशन ने कहा डर का सामना हम सब करते हैं, लेकिन हमारी पहचान हमारे साहस से होती है। माउंटेन ड्यू का कैंपेन साहस को गले लगाने और भरोसे के साथ छलांग लगाने की इसी ताकत को दिखाता है। मुझे इस ब्रांड के साथ जुड़कर खुशी है, जो लाखों लोगों को अपनी फिलॉसफी 'डर के आगे जीत है' से प्रेरित कर रहा है। 20 रुपये में 400 एमएल के पैक के साथ माउंटेन ड्यू ने इस अनुभव को अब और भी शानदार बना दिया है।' रोमांच से भर देने वाली इस विज्ञापन फिल्म में ऋतिक रोशन एक आउटडोर एडवेंचर करते नजर आएंगे, जिसमें वह प्राकृतिक बाधाओं का सामना करेंगे। सस्पेंस के बीच वह डर को महसूस करते हैं और फिर साहस के साथ छलांग लगा देते हैं और एक बार फिर साबित करते हैं कि 'डर के आगे जीत है'।



# रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ नए सफर की शुरुआत कर रही हैं कुब्रा सैत

बोल्ड चॉइसेज़ और बेबाक अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत, जिन्होंने थिएट्रिकल और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी प्रतिभा साबित की है, अब एक बिल्कुल नए सफर की शुरुआत कर रही हैं—अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ। अपनी अनफ़िल्टर्ड पर्सनैलिटी और वर्सटिलिटी के लिए मशहूर एक्ट्रेस अब ऐसे मंच पर खुद को आज़मा रही हैं जहाँ अनप्रिडिक्टेबिलिटी ही असली नियम है। कुब्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने इस सफर के मायने बताए। अपनी ईमानदारी और गहराई से भरे अंदाज़ में उन्होंने कहा-मुझे अनजाने को खोजने का शौक है और यह मेरे लिए सबसे बेहतरीन अनुभव होने वाला है। मेरी ज़िंदगी के अनुभवों के हिसाब से, मैं कभी शासक बन सकती हूँ तो कभी मेहनतकश इंसान। मैं एक भरोसेमंद, ज़िम्मेदार इंसान हूँ। चाहे मैं बेसमेंट में रहूँ, मैं वफ़ादार रहूँगी। और हम ज़रूर उठेंगे।

उनका यह बयान बिल्कुल वही दर्शाता है जिसकी उम्मीद उनके फैंस उनसे करते हैं—हिम्मत, यक़ीन और अटूट जज़्बा। यह राइज़ एंड फॉल के फॉर्मेट को भी बखूबी दर्शाता है, जहाँ कंटेस्टेंट्स को ऊँचाइयों और गहराइयों से गुज़रते हुए, लॉयल्टी, स्ट्रैटेजी और एडैप्टेबिलिटी की असली परीक्षा देनी पड़ती है। कुब्रा के लिए, जो हमेशा खुद को नए रूप में ढालने के लिए जानी जाती हैं, यह मौका है स्क्रिप्ट्स और किरदारों को पीछे छोड़कर खुद को असली और अनफ़िल्टर्ड रूप में पेश करने का। उनके शब्द यह जताते हैं कि वह केवल सर्वाइव ही नहीं करना चाहतीं, बल्कि मुश्किलों के बावजूद मजबूती से खड़ी होकर जीतना चाहती हैं। राइज़ एंड फॉल के साथ, कुब्रा अपने शानदार करियर में एक और अध्याय जोड़ रही हैं। फिल्मों और वेब-शोज़ में अपने स्टैंडआउट परफ़ॉर्मेंस की तरह ही अब वह रियलिटी शो की अनिश्चित दुनिया में भी उतनी ही ऊर्जा के साथ कदम रख रही हैं। वहीं, वर्क फ्रंट की बात करें तो कुब्रा सैत जल्द ही काजोल के साथ द ट्रायल्स सीज़न 2 में और वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आएंगी।



# 'एक चतुर नार' में कॉमेडी के रंग में नजर आएंगी दिव्या खोसला

अभिनेत्री दिव्या खोसला अपनी आने वाली फिल्म एक चतुर नार को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वो पहली बार कॉमेडी में हाथ आजमाती दिखाई देंगी। फिल्म की रिलीज से पहले दिव्या ने खास बातचीत में बताया कि वो हमेशा से ही कॉमेडी में हाथ आजमाना चाहती थीं। उनके अंदर कॉमेडी कूट-कूटकर भरी हुई है। दिव्या खोसला ने कहा, मुझे हमेशा से पता नहीं क्यों लगता रहा है कि कॉमेडी ही मेरी शैली है। और मैं हमेशा से इसे करना चाहती थी और ईश्वर से प्रार्थना करती थी कि मुझे एक कॉमेडी फिल्म में काम करने का मौका मिले। इसलिए जब यह मौका आया, तो मुझे लगा कि आखिरकार मुझे वह करने का मौका मिल रहा है जो मैं करना चाहती थी।

शायद लोग मेरे इस पहलू को नहीं जानते, क्योंकि मैं असल जिंदगी में भी बहुत कॉमेडी करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, शायद इसलिए इस फिल्म में काम करते हुए मुझे काफी मजा आया और मुझे लगता है कि जब आप इसका आनंद लेते हैं और उस दबाव को नहीं लेते, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी बात होती है, वह सफर वाकई सुखद होता है। एक चतुर नार की कहानी हिमांशु त्रिपाठी ने लिखी है। इस फिल्म को उमेश शुक्ला ने डायरेक्ट किया है। यह एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

फिल्म की कहानी एक छोटे शहर में रहने वाली होनहार लड़की की है। वह बहुत ही महत्वाकांक्षी और चालाक है। इसमें उसके हाथ बड़े शख्स का प्राइवेट वीडियो आ जाता है। वो फिर उसे आगे बढ़ने की सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करने लगती है। फिल्म में उनके सह-कलाकार नील नितिन मुकेश ने भी फिल्म में काम करने का अपना अनुभव कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में साझा किया था। इसमें उन्होंने निर्देशक की अपने कलाकारों का अच्छी तरह से ख्याल रखने और उन्हें उड़ान भरने की पूरी आजादी देने के लिए सराहना की थी।



# जॉली एलएलबी 3 का ट्रेलर रिलीज, कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ेंगे अक्षय कुमार और अरशद वारसी

बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म जॉली एलएलबी 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ने इस ट्रेलर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म में एक बार फिर कोर्टरूम ड्रामा, सामाजिक मुद्दे, और हास्य का मेल देखने को मिलेगा। इस बार कहानी और भी गंभीर और संवेदनशील विषय को उठाती नजर आती है, जिसमें दो जॉली, अक्षय कुमार और अरशद वारसी, आमने-सामने हैं। ट्रेलर की शुरुआत एक गंभीर और भावनात्मक डायलॉग से होती है, मेरे दादा को परदादा से और मुझे पिता से जो विरासत में मिली, वही सौंपना चाहता था मैं अपने बेटे को। इस वॉयसओवर के साथ दंगों, पुलिस के लाठीचार्ज और सामाजिक उथल-पुथल के दृश्य सामने आते हैं। इसी दौरान एक महिला स्वर्गीय राजाराम सोलंकी की मूर्ति के पैरों से लिपटी दिखाई देती है। इसके बाद अक्षय कुमार की एंट्री होती है, जो स्कूटर चलाते नजर आते हैं। वह पैसों के बदले में अपने असिस्टेंट से कहते हैं, कोई जॉली बोले तो उसे मेरे पास ही लेकर आना। अक्षय कुमार के साथ हुमा कुरैशी भी नजर आई हैं, जिनकी शराब पीने की आदत से अक्षय परेशान दिखाई देते हैं। वहीं, अरशद वारसी एक बार फिर वकील के किरदार में हैं, जो खुद को बेहद बिजी बताते हैं, लेकिन असल में उनके पास कोई काम नहीं होता। ट्रेलर में अक्षय और अरशद एक ही क्लाइंट को लेकर भिड़ते भी दिखते हैं। अरशद अक्षय को क्लाइंट चोर तक कह देते हैं, जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ जाती है।

फिल्म की कहानी में एक जमीन विवाद को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है, जिसमें खेतान साहब, जिनका किरदार गजराज राव निभा रहे हैं, एक प्रभावशाली भूमिका में दिखाई देते हैं। अक्षय कुमार खेतान साहब से मिलने के लिए किसी से गुजारिश करते हैं, जो कहता है कि उन्हें खुद मिलने में एक साल और नाम याद कराने में दो साल लगे। लेकिन, चौंकाने वाला मोड़ तब आता है, जब खेतान साहब खुद अक्षय से मिलने पहुंचते हैं। इस केस को लेकर अक्षय और अरशद एक बार फिर आमने-सामने आते हैं। कोर्टरूम में दोनों वकीलों के बीच की बहस, रणनीति और नोकझोंक कहानी को दिलचस्प मोड़ देती है। ट्रेलर में अमृता राव की झलक भी देखने को मिली है। ट्रेलर से साफ है कि जॉली एलएलबी 3 कॉमेडी के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर गंभीरता से सवाल उठाएगी। जॉली एलएलबी 3 19 सितबंर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अक्षरा सिंह ने जिंदगी के नाम दिया बड़ा संदेश

अपनी दमदार एक्टिंग और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसने न सिर्फ उनके फैंस का दिल छू लिया, बल्कि उनके कैप्शन ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में अक्षरा ने कैप्शन में अपने जज्बात लिखे। तस्वीर में अक्षरा सिंह एक खूबसूरत सूट में नजर आ रही हैं जो उनकी सादगी और खूबसूरती को और निखार रहा है। उनके चेहरे पर आत्मविश्वास की एक अलग चमक है। अपने जज्बातों को जाहिर करते हुए अक्षरा ने लिखा, हो अगर गलतफहमियां, तो भी खामोशी से मुस्कुराऊंगी, शिकवे नहीं, बस सब्र से अपने जज्बातों को छुपाऊंगी। इस कैप्शन में अक्षरा ने न सिर्फ अपने जज्बात जाहिर किए हैं, बल्कि एक संदेश भी दिया है कि चाहे हालात कैसे भी हों, खुद को कमजोर नहीं पड़ने देना चाहिए। उन्होंने कैप्शन में आगे लिखा, साथ न दो तुम अगर, तो भी न डगमगाऊंगी, कांटों की राहों पर चलकर भी, अपने हौसलों को सजाऊंगी। दिल टूटे तो क्या हुआ, सांसों का सफर अब भी बाकी है, जिंदगी की किताब में कुछ नए पन्ने लिखने की झांकी है, हर दर्द को रोशनी में बदलकर खुद को ही अपनाऊंगी, हो अगर गलतफहमियां, तो भी खामोशी से मुस्कुराऊंगी।



# आलिया ने जाहिर की कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। बातचीत में आलिया भट्ट ने अपने फ्यूचर फिल्म प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। आलिया चाहती हैं कि वह ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे।' आलिया भट्ट आगे कहती हैं, 'कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं।'

## इस साल एक्शन फिल्म में नजर आएंगी आलिया

आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, इसमें आलिया एक स्पाई का रोल करती दिखेंगी। इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर आलिया इन दिनों काफी मेहनत कर रही हैं।





# रंग के कारण खूब मिले रिजेक्शन

**एक्ट्रेस मंजरी पुपला कभी एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनने का सपना देखती थीं। लेकिन एक्टिंग के लिए पैशन ने उन्हें थिएटर, टीवी और सिनेमा की दुनिया से जोड़ा। साल 2015 में मराठी टीवी सीरियल दिल दोस्ती दुनियादारी से एक्टिंग डेब्यू किया। वह 2017 में टीवी रियलिटी शो सबसे बड़ा कलाकार में एक्टिंग गुरु बनकर पहुंचीं। करियर के शुरुआती दौर में अपने अपने डार्क कॉम्प्लेक्शन के कारण कई रिजेक्शन मिले।**

आज मंजरी पुपला सिनेमा से लेकर ओटीटी की दुनिया में जाना-पहचाना नाम हैं। हमने उन्हें वेब सीरीज शहर लखोट और दहाड़, जबकि बड़े पर्दे पर सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव और धड़क 2 में देखा-सराहा है। बातचीत में मंजरी ने अपने करियर, संघर्ष और सिनेमाई सफर पर बड़ी बेबाकी से बात रखी है।

## कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष में जाना चाहती थी

मंजरी बताती हैं कि वह हमेशा से अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थीं। वह कहती हैं, मैं तो एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। मैं कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष में जाना चाहती थी। मगर जब मैंने मराठी एक्ट्रेस वीणा जामकर को स्टेज पर देखा, तो मैं मंत्रमुग्ध हो गई। उसी पल मैंने तय किया कि मैं अब एयरोस्पेस इंजिनियर नहीं, बल्कि एक अभिनेत्री बनूंगी। मैं बहुत ही इंट्रोवर्ट लड़की हुआ करती थी। मैंने कभी कैमरा फेस किया ही नहीं था, मगर सेंट जेवियर्स कॉलेज के मेरे प्रोफेसर ने मेरा पहला फोटोशूट किया और एक जौहरी की तरह मुझे तराशा, एक?ट्रेस और मॉडल के रूप में। फिर नाटक, ओटीटी और फिल्मों में अभिनय का सिलसिला शुरू हुआ।

## डार्क कॉप्लेक्शन के कारण नकारी गई

कई दूसरी लड़कियों की तरह मंजरी भी सेल्फ डाउट्स से गुजरी हैं। वह कहती हैं, मैं हमेशा सोचती थी कि मैं एक बार को नाटक में तो काम कर लूंगी, मगर शायद कैमरा फेस न कर पाऊं। अपने स्किन कलर को लेकर मैं बहुत हीन भावना की शिकार थी। मेरे लिए सुंदरता का मतलब गोरा रंग था। स्किन वाइटनिंग क्रीम्स ने बचपन से हमारी यही कंडीशनिंग कर रखी है। जबकि अपने घर में ऐसी कोई बात कभी सुनने नहीं मिली, मगर कंडीशनिंग ने मेरे दिमाग में बैठा दिया था कि सांवले रंग के कारण मैं कैमरे का सामना नहीं कर सकती। डार्क कॉप्लेक्शन के कारण ऑडिशन में भी दिक्कत आती थी। जब भी अपमार्केट या अर्बन किरदार की बात होती, गोरे रंग की डिमांड की जाती थी। अपने सांवले रंग के कारण मैं उस तरह के रोल्स के लिए ऑडिशन दे ही नहीं सकती थी। तभी मैंने तय किया कि मैं अपने कॉप्लेक्शन के कारण किसी रोल के लिए चुनी जाऊं, तो वो अहम हो। कई बार ये भी हुआ कि लीड रोल के ऑडिशन के लिए गई, मगर ऑफर हुआ हाउस हेल्प का रोल। कई साल तक ये सिलसिला चला, मगर ओटीटी के आने के बाद कई रियलिस्टिक किरदारों के चलते बदलाव आया है।



## इंटीमेट सीन्स में विजय वर्मा और रीमा कागती ने सेफ फील करवाया

बतौर एक्ट्रेस मंजरी खुद को लकी मानती हैं कि उन्हें रीमा कागती (दहाड़, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव) और शाजिया इकबाल (धड़क 2) का साथ मिला। वह कहती हैं, दहाड़ में सेट पर रीमा कागती ने काफी सेफ फील करवाया। मैं पर्दे पर पहली बार अंतरंग दृश्य कर रही थी और ये सीन्स लॉकडाउन से पहले शूट किए थे, तो उस वक्त तक सेट पर इंटीमेसी डायरेक्टर इंट्रोड्यूज नहीं हुए थे, मैं बहुत डरी हुई थी। मगर रीमा ही नहीं, बल्कि मेरे को-एक्टर विजय वर्मा ने भी मेरा काफी खयाल रखा और उन इंटीमेट सीन्स में मुझे जरा भी असहजता महसूस नहीं हुई। साफ-सुथरे और प्रोफेशनल तरीके से वो सीन्स शूट हुए। फीमेल डायरेक्टर होने का ये फायदा तो होता है कि आप खुद को सेफ जोन में फील करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in